दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 163 | ग्वालियर शनिवार, 01 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

हावड़ा हिंसा को लेकर अमित शाह ने राज्यपाल को फोन कर ली जानकारी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी के मौके पर हुई हिंसा को लेकर बीजेपी ममता सरकार पर हमलावर है. इस बीच बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. इसमें एनआईए जांच और ऐसे क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती की मांग की है. कार्यवाहक जस्टिस ने जनहित याचिका दायर करने की मंजूरी दी और उसे सोमवार 3 अप्रैल के लिए लिस्ट किया है. इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को फोन कर स्थिति की जानकारी ली है. उन्होंने राज्य बीजेपी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को भी इस मामले को लेकर फोन किया. हावड़ा शहर में काजीपाडा इलाके के आसपास रामनवमी की शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान दो समूहों के बीच गुरुवार (30 मार्च) को झड़प हो गई थी. इसके बाद पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच शुक्रवार (31 मार्च) को इलाके में स्थिति शांतिपूर्ण है. हिंसा के दौरान कई दुकानों और ऑटो-रिक्शा में तोड़फोड़ की गई, जबकि कुछ पुलिस वाहनों सहित कई कार में आग लगा दी गई. आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाडियों का इस्तेमाल किया गया. भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल का इस्तेमाल किया. इस घटना को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

ममता बनर्जी ने बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है. बनर्जी ने एबीपी आनंदा से कहा, ''हावड़ा की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. हावड़ा में हिंसा के पीछे न तो हिंदू थे और न ही मुस्लिम थे. बजरंग दल और अन्य ऐसे संगठनों के साथ बीजेपी हथियारों के साथ हुई इस हिंसा में शामिल थी.'' शुभेंदु अधिकारी ने कहा, मैंने आज कलकत्ता हाईकोर्ट में हावड़ा और डालखोला में रामनवमी के जुलूसों पर हिंसा और हमले की घटनाओं के संबंध में एक जनहित याचिका दायर की है. मैंने ऐसे क्षेत्रों में एनआईए जांच और केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती के लिए प्रार्थना की है स्थिति पर काबू पाने और कानून और व्यवस्था की स्थिति को बहाल करने के साथ-साथ निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने जनहित याचिका दायर करने के लिए अनुमति देने की कृपा की है. वहीं टीएमसी के नेता और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हावड़ा में जो हुआ है वो सबने देखा है. मुख्यमंत्री ने पहले ही कहा था कि कुछ लोग दंगा लगाने की कोशिश कर रहे हैं. कोई पुलिस की परमिशन नहीं थी. ये जुलूस अपना दम दिखाने के लिए किया गया था. उन्होंने कहा कि तलवार लेकर राम का जुलूस कैसे निकला जा सकता है। डी जे चला कर कोई राम को याद करता है. ये कैसी प्रथा है जहां रास्ते पर चिल्ला कर शोभायात्रा का नाम देकर इसे निकाला जाता है. बीजेपी बंगाल को अपनी पैतृक सम्पत्ति समझती है. गुजरात से लेकर बिहार तक रामनवमी के नाम पर दंगा किया जा रहा है. टीएमसी के नेता बनर्जी ने कहा, सब बीजेपी के कहने पर हो रहा है नेता दिल्ली जाते हैं और कहते कि टीवी पर नजर रखना और बंगाल मे दंगे लग जाते हैं. राम के नाम पर राजनीति का फायदा बंगाल में नही मिलेगा 2021 की हार भूल गए हैं क्या? पश्चिम बंगाल के हावड़ा के गुरुवार (30 मार्च) को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की थी. दूसरे दिन भी शिबपुर इलाके में स्थिति हिंसक हो गई है. रामनवमी पर आगजनी के एक दिन बाद शुक्रवार (31 मार्च) यहां ताजा हिंसा भड़क गई. पुलिस के अनुसार हावड़ा में राम नवमी के मौके पर दो समूहों के बीच संघर्ष हो गया.

न्यूज ट्रैक

झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए बीजेडी ने नब किशोर दास की बेटी को बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली। ओडिशा की झारसुगुड़ा विधानसभा के उपचुनाव के लिए बीजू जनता दल ने दिपाली दास को उम्मीदवार बनाया है. दिपाली दास राज्य के दिवंगत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की बेटी हैं. जनवरी में नब किशोर दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. उसके बाद से झारसुगुड़ा सीट रिक्त चल रही है. इस सीट पर उपचुनाव होना है. उसके लिए बीजेडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की बेटी पर ही भरोसा जताया है. शुक्रवार ने बीजेडी ने दिपाली दास को उम्मीदवार बनाए जाने की अधिसूचना जारी की, जिसमें बीजू जनता दल प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हस्ताक्षर भी हैं. बता दें कि इसी 29 जनवरी को झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर में एक जन शिकायक केंद्र के उद्घाटन के लिए पहुंचे नब किशोर दास को एक पुलिसकर्मी ने गोली मार दी थी. इसके बाद भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान दास ने दम तोड़ दिया था. नब किशोर दास के निधन से झारसुगुड़ा सीट रिक्त हो गई थी. नव किशोर दास की हत्या का आरोप ओडिशा पुलिस के एक एएसआई गोपाल दास पर है. दास के निधन पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि वह पार्टी के लिए एक संपत्ति के समान थे जिन्होंने बीजेडी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी.

...और फिर घर से निकलना शुरू हो गया धुआं

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में हुए एक हादसे में शुक्रवार (31 मार्च) को 6 लोगों की मौत हो गई. हादसे की वजह मॉस्कीटो कॉइल की वजह से गद्दे में आग लगना बताया जा रहा है. डीसीपी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के

अनुसार उन्हें शनिवार सुबह लगभग 9 बजे सूचना मिली कि बुलंद मस्जिद के पास एक घर में आग लगी है. इसके बाद पुलिस और आसपड़ोस के लोगों ने आग बुझाने का काम किया गया और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने से घर में भरे धुएं की चपेट में आने से 9 लोग बेहोश हो गए थे. उन्होंने बताया कि मशक्कत के बाद सभी 9 लोगों को बाहर निकाला गया और पास के ही प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया. अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में 6 लोगों की मौत हो गई. साथ ही एक युवक को फर्स्ट एड के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 2 को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक आस प?ोस में रहने वाले लोगों का कहना है कि सहरी के समय तक सब कुछ ठीक था, लेकिन सुबह लगभग 7.30 से 8 के बीच घर के अंदर से धुआं बाहर आता हुआ नजर आ रहा था. इसके बाद उन्होंने पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस को सूचना दी. आस पड़ोस के लोगों का कहना है कि घर के सेकंड फ्लोर पर जीन्स का कारखाना है. इसके अलावा उन्होंने बताया कि घर में काफी लोग रहते थे और किराएदार भी रहते हैं. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है. हमारे जिले की डिजास्टर टीम मामले की जानकारी मिलने के बाद यहां पहुंची है. हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई है. बच्चे की मां यास्मीन ने बताया कि हम पहली मंजिल पर थे और सहरी के बाद सोए हुए थे. अचानक आग लगने का पता चला. उन्होंने कहा कि पूरे घर में धुंआ भरा हुआ था. यास्मीन ने कहा कि मेरे 4 बच्चे हैं और मेरा छोटा बच्चा मर गया है और बेटी भी घायल है. यास्मीन ने कहा कि पता नहीं आग कैसे लगी.

अहमदाबाद में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए थे पोस्टर

नई दिल्ली। गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर लगाना महंगा पड़ गया. शुक्रवार (31 मार्च) को पुलिस ने कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अब वह उनसे इस मामले में पूछताछ कर रही है. समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया, अहमदाबाद के कई इलाकों में मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगाए जा रहे हैं. इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है. अहमदाबाद में ये गिरफ्तारियां आप के पीएम मोदी के खिलाफ शुरू किए गए पोस्टर अभियान, मोदी हटाओ-देश बचाओ के नारे लिखे पोस्टर शहर की दिवारों पर चस्पा किए जाने के बाद शुरू हुई हैं. गुजरात की आम आदमी पार्टी की इकाई ने इस गिरफ्तारी की निंदा की है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, गुजरात पुलिस के इस कदम ने साबित कर दिया है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है. गुजरात पुलिस की अपराध शाखा ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि आठ लोगों को इनसपुर, मणिनगर, वटवा, नारोल और वडज जैसे इलाकों में मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगाकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया, ये पोस्टर आप कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लगाए थे. इन पोस्टर को लगाने के बाद पुलिस ने कई थानों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी.

कर्नाटक चुनाव के लिए आप ने जारी की दूसरी लिस्ट

नई दिल्ली। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियों ने इसके लिए कमर कस ली है. दक्षिण के इस राज्य में बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस के साथ ही आप के मैदान में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो चला है. आप ने शुक्रवार (32 मार्च) 224 सीटों वाली इस विधानसभा के लिए अपने 60 उम्मीदवारों की लिस्ट भी जारी कर दी है. दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक पर काफी वक्त से आप नजरें बनाए हुए है. इस राज्य में दिल्ली के सीएम और आप चीफ कई रैलियां कर चुके हैं. पार्टी दूसरी लिस्ट से पहले ही 80 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 20 मार्च को जारी कर चुकी है. अब 60 नए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद कुल उम्मीदवारों संख्या 140 हो गई है. पार्टी ने राज्य के सभी 224 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है. इस सूची के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के वकील बृजेश कलप्पा चिकपेट से चुनाव लड़ेंगे. बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके (बीबीएमपी) के पूर्व अधिकारी के मथाई (शांति नगर), बी.टी. नागन्ना (राजाजीनगर), मोहन दसारी (सी वी रमन नगर), शांतला दामले (महालक्ष्मी लेआउट से) और पद्मनाभनगर से अजय गौड़ा मैदान में उतरेंगे. जहां बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस इस राज्य में अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं.

आफताब के साथ जेल में हुई मारपीट

नई दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट में शुक्रवार (31 मार्च) को श्रद्धा वालकर मर्डर केस की सुनवाई हुई. इस दौरान श्रद्धा की हत्या के आरोपी आफताब पूनावाला के वकील ने कोर्ट में कहा कि उसके मुवक्किल के साथ जेल में बुरा बर्ताव हो रहा है. वकील ने दावा किया कि अदालत में पेशी से पहले आफताब के साथ कैदियों ने मारपीट की है. इस पर अदालत ने जेल अथॉरिटी को निर्देश दिया कि पेशी के दौरान आफताब की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. मामले में अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी. उम्मीद की जा रही है कि उस दिन मामले में आरोप तय करने को लेकर बहस पूरी हो जाएगी. बता दें कि इससे पहले 25 मार्च को मामले की सुनवाई हुई थी. कोर्ट ने आरोपी पूनावाला पर लगे आरोपों पर जवाब देने के लिए उसके वकील को आखिरी मौका दिया था. आफताब पूनावाला पर आरोप है कि उसने पिछले साल मई में अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी और शव के 35 टुकड़े कर उन्हें कई जगहों पर ठिकाने लगाया था. आरोपी आफताब ने उसके लिए उपलब्ध कराए गए कानूनी सहायता वकील की जगह हाल में एक निजी अधिवक्ता को रखा था. पिछली

सुनवाई में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने बताया था कि आरोपी के निजी वकील ने आरोपों पर अभियोजन पक्ष की दलीलों का जवाब देने के लिए समय की मांग की थी. चूंकि नए वकील ने हाल में केस की पैरवी शुरू की थी, इसलिए अदालत ने उन्हें अवसर देते हुए मामले को 31 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया था. वहीं, कोर्ट ने श्रद्धा के पिता विकास वालकर की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में शामिल होने की अर्जी स्वीकार कर ली थी. आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (गुनाह के सबूत मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है. इसी साल 24 जनवरी को दिल्ली पुलिस ने मामले में 6,629 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी. चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी आफताब ने 18 मई, 2022 को अपनी लिव-इन पार्टनर की पहले गला घोंटकर हत्या की थी, उसके बाद शव के टुकड़े करके उन्हें दिल्ली के महरौली स्थित अपने फ्लैट पर एक फ्रिज में करीब तीन महीने तक रखा था और टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंका था. पुलिस कार्रवाई के दौरान शव के कुछ टुकड़ों को बरामद कर लिया गया था.

राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी की नई स्ट्रेटजी

नई दिल्ली। ओबीसी समाज के कथित अपमान के मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी हमलावर है. पार्टी अब इस मुद्दे को और ज्यादा व्यापक बनाने की तैयारी में है. इस मुद्दे को यूपी के गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति तैयार

कर ली गई है. इसके लिए पार्टी के ओबीसी मोर्चा ने कमान संभाली है. बीजेपी ओबीसी मोर्चा अब यूपी के गांव-गांव और शहर-शहर तक में इस मुद्दे को उठाएगा. इस दौरान राहुल गांधी समेत अखिलेश यादव, मायावती और विपक्ष के दूसरे नेता भी टारगेट पर रहेंगे. बीजेपी ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के तकरीबन 20 हजार गांव में इस मुद्दे को लेकर जाने वाले हैं. यूपी बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के मुखिया नरेंद्र कश्यप ने खुद इसकी जानकारी दी है. नरेंद्र कश्यप ने एबीपी न्यूज़ को बताया, उत्तर प्रदेश में ओबीसी मोर्चा 6 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान लांच करने जा रहा है. राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसकी लॉन्चिंग 6 तारीख को हरियाणा से करने जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश के सभी 6 क्षेत्रों में इसकी लॉन्चिंग करने वाले हैं. उन्होंने कहा, इस अभियान के तहत ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता पिछड़े समाज के घर-घर जाकर मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे. उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी प्रवृत्ति बन गई है अपने शब्दों से समाज का अपमान करना. मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कोर्ट ने सजा सुनाई है. इसके बाद भी राहुल गांधी का अहंकार कम नहीं हो रहा है. वह अभी भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं, इसलिए ओबीसी मोर्चा पिछड़े समाज के लोगों के बीच यह बात रखेगा. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी आज इतनी अहंकारी हो गई है कि पिछड़ों का अपमान करती है और माफी भी नहीं मांगती है. राहुल गांधी को मिल रहे विपक्ष के समर्थन को लेकर भी बीजेपी ने रणनीति तैयार की है. इसके तहत बीजेपी ओबीसी मोर्चा इस दौरान ना केवल राहुल गांधी को घेरेगा बल्कि अखिलेश यादव, मायावती और जयंत चौधरी की भी घेराबंदी करेगा. जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव को लेकर स्ट्रेटर्जी है कि चुनावों में वह जातिगत जनगणना और ऐसे मुद्दे की बात करते हैं, लेकिन चुनाव होते ही इस विषय पर खामोश हो जाते हैं.

भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानियों की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानी तत्वों की धमकी के मामले में विदेश मंत्रालय से सुरक्षा की गुहार लगाई है. स्वाति मालीवाल ने भारतीय विदेश मंत्रालय से अमेरिका में रह रही भगवंत मान की बेटी सीरत कौर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई से बौखलाएं खालिस्तानी तत्वों ने भगवंत मान की बेटी को धमकी भरे फोन किए थे. भगवंत मान और उनकी पहली पत्नी और उनके दोनों बच्चे अमेरिका में रहते हैं. स्वाति मालीवाल ने इस खबर को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा, पंजाब के सीएम भगवंत मान की बेटी को अमेरिका में जान से मारने की धमकी मिलने की खबरें पढ़ीं. यह घोर कायरतापूर्ण कार्य है.

हावड़ा में रामनवमी पर हुई हिंसा के पीछे हिंदू नहीं: ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी पर हुई हिंसा के लिए बीजेपी पर हमलावर नजर आई. उन्होंने शुक्रवार (31 मार्च) को दावा किया कि राम नवमी के दिन हावड़ा में हुई हिंसा के लिए बीजेपी और अन्य दक्षिणपंथी संगठन जिम्मेदार हैं. सीएम ने वहां के लोगों से इलाके में शांति बनाये रखने की अपील की. रामनवमी के दूसरे दिन भी हावड़ा के शिवपुर में पत्थरबाजी हुई. हालांकि, वहां स्थिति अब नियंत्रण में है. सीएम बनर्जी ने एबीपी के बांग्ला समाचार चैनल आनंदा से बातचीत में कहा, ''हावड़ा की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. हावड़ा में हिंसा के पीछे न तो हिंदू थे और न ही मुस्लिम थे. बजरंग दल और अन्य ऐसे संगठनों के साथ बीजेपी हथियारों के साथ हुई इस हिंसा में शामिल थी.'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन सभी लोगों की मदद करेगी जिनकी संपत्तियों को झड़पों के दौरान नुकसान पहुंचा. मुख्यमंत्री ने कहा, ''हावड़ा में बृहस्पतिवार को हुई हिंसा के सिलसिले में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.'' प्रशासन के एक वर्ग में शिथिलता का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.पुलिस के अनुसार हावड़ा में राम नवमी के मौके पर दो समूहों के बीच संघर्ष हो गया. इस दौरान इलाके में कई गाड़ियों में आग लगा दी गयी और दुकानों में तोड़फोड़ की गयी.

दिल्ली में ट्रांसजेंडर्स के लिए स्वाति मालीवाल ने गृह मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। दिल्ली में रहने वाले ट्रांसजेंडरों की स्थिति में सुधार के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक चिट्ठी लिखी है. इसमें उन्होंने ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन की सिफारिश की है. उन्होंने लिखा कि ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की अधिसूचना में तेजी लाई जाए, जिससे दिल्ली में रहने वाले ट्रांसजेंडर के कल्याण और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में आयोग सही कदम उठा सके. दिल्ली महिला आयोग के मुताबिक, भारत सरकार ने 2019 में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम और 2020 में केंद्रीय नियम पारित किए थे. हालांकि, दिल्ली में इन नियमों को अभी अधिसूचित किया जाना बाकी है. स्वाति मालीवाल ने अपनी चिट्ठी में गृह मंत्रालय को बताया कि तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित 12 राज्यों ने ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड बना लिया है. ऐसे में अब दिल्ली को पीछे नहीं रहना चाहिए.

उन्होंने लिखा, दिल्ली सरकार ने एक नोटिस के जवाब में उन्हें सूचित किया है कि अनुमोदित मसौदा नियम गृह मंत्रालय से अधिसूचना के लिए लंबित है. दिल्ली सरकार ने आयोग को यह भी सूचित किया है कि राज्य ने एक ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है और यह अधिसूचना के लिए गृह मंत्रालय के पास लंबित है. मालीवाल ने गृह मंत्रालय से नियमों और ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की अधिसूचना में तेजी लाने की सिफारिश की है. दिल्ली महिला आयोग ने जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए कोई योजना लागू नहीं की है. आयोग ने दिल्ली सरकार को भी इस संबंध में तुरंत योजनाएं बनाने का निर्देश दिया है. साथ ही उन ट्रांसजेंडरों के लिए आश्रय गृह स्थापित करने को कहा है, जिन्हें राज्य की देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है. स्वाति मालीवाल ने कहा, ÷यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली सरकार ने आयोग को सूचित किया है कि वह ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए कोई योजना या आश्रय गृह नहीं चला रही है. इसे तुरंत ठीक करने की जरूरत है. डीसीडब्ल्यू ने ट्रांसजेंडरों को पहचान पत्र जारी करने के संबंध में कई खामियों की पहचान की. आयोग ने इस मुद्दे पर सभी जिलाधिकारियों को नोटिस जारी किया था और पाया कि पिछले 3 वर्षों में दिल्ली में ट्रांसजेंडरों को केवल 76 पहचान पत्र जारी किए गए हैं. जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 4,213 ट्रांसजेंडर थे. आयोग ने कहा कि अधिकांश जिलों में ट्रांसजेंडर प्रमाणपत्र के लिए बहुत कम आवेदन प्राप्त हुए हैं. उदाहरण के लिए बताया कि शाहदरा जिले को पिछले 3 वर्षों में केवल 4 आवेदन प्राप्त हुए हैं.

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान घूमा आदिवासी महिलाओं ने, सांसद डॉ.के.पी.यादव ने भी बड़ाया हौंसला

अमृत उद्यान भ्रमण के दौरान राष्ट्रपति से भी हुई मुलाकात

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी की सहरिया आदिवासी महिलाओं ने दिल्ली पहुंचकर राष्टपति भवन स्थित अमृत उद्यान को घूमा। शुक्रवार को केंद्रीय पंचायत विभाग भारत सरकार के निर्देश पर मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन की सहरिया आदिवासी महिलाओं का एक दल दिल्ली पहुंचा और यहां पर राष्टपति भवन स्थित अमृत उद्यान को भ्रमण किया। इस दौरान इन महिलाओं की राष्टपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू से भी मुलाकात हुई। अमृत उद्यान के दौरान महिलाओं ने इस उद्यान का भ्रमण किया और यहां पर इस पार्क की खूबसूरती का आनंद लिया। गौरतलब है कि शिवपुरी की सहरिया आदिवासी महिलाओं के एक दल को दिल्ली इस पार्क के भ्रमण के लिए भेजा गया था। सहरिया आदिवासियों के इस दल में 100 महिलाएं शामिल थीं। मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका

मिशन के जिला प्रबंधक अरविंद भार्गव ने बताया कि इस दल में 100 सहरिया आदिवासी महिलाएं शामिल थीं जो मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं और रोजगार मूलक कार्यों में जुड़ समूहों का संचालन कर रही हैं। इन महिलाओं को केंद्रीय पंचायत विभाग के निर्देश पर दिल्ली भेजा गया था।

सांसद डॉ.के.पी.यादव ने भी बड़ाया हौंसला-मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन की इन महिलाओं का दल जब दिल्ली पहुंचा तो गुना-शिवपुरी के सांसद डॉ.के.पी.यादव भी वहां पर पहुंचे। अमृत उद्यान के भ्रमण के बाद सांसद केपी यादव ने अपनी पत्नि अनुराधा यादव सहित इन समूह की दीदीयों से मुलाकात की और अपने निवास पर सभी महिलाओं को स्वल्पहार के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सांसद डॉ.के.पी.यादव ने समूह की इन महिलाओं का हौंसला बड़ाया।

श्रीरामनवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व में प्रख्यात कलाकारों के भक्ति गीतों ने बांधा समां

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- श्रीरामनवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व का आयोजन गतदिवस गांधी पार्क स्थित मानस भवन में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों ने समा बांधा जिसे दर्शकों ने आनंद के साथ सुना। मानस भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, संस्कृति विभाग भोपाल के सुपरवाइजर अनोखे लाल, मार्केटिंग सोसायटी के अरविंद सिंह तोमर, जिला आबकारी अधिकारी वीरेंद्र धाकड़ सहित जनप्रतिनिधि, अन्य अधिकारी एवं शिवपुरी शहर के नागरिक मौजूद रहे। संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से आयोजित प्राकट्य पर्व में श्रीराम केंद्रित समूह नृत्य के लिए दिल्ली से समीक्षा शर्मा और उनकी टीम ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में प्रख्यात भक्ति गायन के लिए भोपाल की कीर्ति दुबे एवं उनके साथी गण तथा मथुरा से आस्था गोस्वामी एवं उनके साथीगण ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र दिए गए। शहरवासियों द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर भजन संध्या का आनंद लिया।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा किया गया

रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा मैं राम भक्तों का किया स्वागत

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राम नवमी के अवसर पर शिवपुरी शहर में कुशवाहा महासभा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया इस रामनवमी के इस मौके पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी जानकी मैया की झांकी और राम भक्तों द्वारा शिवपुरी शहर के अंदर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया था शोभा यात्रा 4 किलोमीटर निकालने के लिए 5 घंटे का समय लगा इस बीच पूरे शिवपुरी शहर को भगवा मय कर दिया वही जहां पर शोभा यात्रा का समापन होना था वहां पर 11,000 दीपक जलाकर चौराहे को रोशन कर दिया चारों तरफ जय श्री राम के नारों की गूंज लोगों के हृदय से निकलकर कानों तक पहुंच रही थी इस अवसर पर शोभायात्रा का स्वागत करने बालो मैं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुन्ना लाल कुशवाहा अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपिन कुशवाहा, उपाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ,मीडिया

निकाली गई भव्य शोभायात्रा मैं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पदाधिकारियों ने स्वागत कर सभी भक्तों के लिए पाइनएप्पल शेख का वितरण कर भक्तों की प्यास बुझाने का कार्य अखिल भारतीय प्रभारी नरेंद्र कुशवाहा, नगर मंत्री मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, सुमरन कुशवाहा, पत्रकार दिलीप सेन, बल्ले यादव पत्रकार अनिल कुशवाह, नकुल कुशवाह आदि लोग शामिल रहे।

सेवानिवृति पर स्टाफ नर्स को दी भावभीनी विदाई

स्टाफ नर्स के कार्यकाल की उपस्थित लोगों ने की सराहना

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी/पिछोर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में पदस्थ स्टाफ नर्स सरोज राठौर शुक्रवार को अपनी नौकरी से सेवानिवृत्त हो गईं जहां उनको स्टाफ व जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई कार्यक्रम में अस्पताल का स्टाफ सहित क्षेत्र के सामाजिक लोग व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक प्रतिनिधि सुनील गौर ने स्टाफ नर्स सरोज राठौर की पूरी पूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि स्टाफ नर्स के पद पर रहते हुए श्रीमती राठौर ने बेहतर काम किये हैं जहां क्षेत्र से आने मरीजों की बेहतर देखभाल करतीं थीं और उनकी कार्यशैली से आसपास के लोग खुश रहते थे अब उनकी सेवानिवृति के बाद हम सबको उनकी कमी खलेगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील गौर,डॉ.अमरसिंह जनोरिया, सीबीएमओ डॉ. एसके सांडे, डॉ.ब्रजेश शर्मा, डॉ.रामायणी परिहार, प्राची मैडम, मीरा रजक, दिव्या, राजू, सपना, ईश्वरी, योगेश्वरी, सुनीता, टालेश्वरी, रीता सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

यातायात पुलिस शिवपुरी ने छिब्बर स्कूल शिवपुरी के शिविरार्थी बच्चों के साथ मिलकर आम लोगों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-यातायात पुलिस ने शिवपुरी के छिब्बर स्कूल के हृह्यहृ केम्प के शिविरार्थी के माध्यम से सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार कर रहे वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी एव जो नियम का पालन कर हेलमेट पहने थे सीट बेल्ट लगाए थे ऐसे जागरूक नागरिको को बेच लगाकर सम्मानित भी किया। जैसे ही बच्चों ने बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों से पूछा कि आप हेलमेट क्यों नहीं पहने हो या आप सीट बेल्ट क्यों नहीं लगाए हो तो लोग उनकी इस बात का सही से जवाब नहीं से सके और कई तरह के बहाने बनाते दिखे। दरअसल राष्टीय सेवा योजना बाल शिक्षा निकेतन स्कूल का शिविर ग्राम करौंदी में आयोजित हो रहा है उक्त शिविर में आज बौद्धिक सत्र में सभी हृह्यहृ स्वयंसेवक को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक सूबेदार नीतू अवस्थी एव सूबेदार प्रियंका

घोष ने किया एव बच्चों को जानकारी दी इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी छिब्बर स्कूल दिनेश पाल, विद्यायल से सी एम अवस्थी, दीप्ति मेडम सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थी उपस्थित थे।

दोनों आंखों से दिव्यांग मोतीराम गोंड़, अंधेरे में रहने मजबूर

संवाददाता हेमचंद नागेश

छुरा। दिव्यांगों व गरीब वृद्धजनों के कल्याण के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रहे हैं।पर धरातल में इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।इसकी वजह है जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों उदासीनता कारण इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से पात्र हितग्राही शासन की अनेकों योजनाओं का लाभ लेने के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। ऐसा ही मामला गरियाबंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय छुरा ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के आश्रित ग्राम कुड़ेमा में एक गरीब आदिवासी परिवार की है।कुडेमा निवासी 45वर्षीय मोतीराम गोड़ जिनकी दोनों आंखों की रोशनी बचपन से नहीं है।यह विशेष कमजोर अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं जो गरीबी रेखा के नीचे की श्रेणी में आते हैं।घर में पानी तक का साधन नहीं है।दोनों आंखों से दिव्यांग होने के बाद भी बाहर से पानी लाते हैं।पीने की पानी न ही बिजली की कोई सुविधा उनके घर तक पहुंच पाए हैं। राज्य सरकार के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।विडंबना यह है गरीब पीड़ित दिव्यांगों के जीवन सुधार के लिए ऐसे परिवारों को भत्ता क्यों नहीं दिया जाता। वहीं इस परिवार की जानकारी होने पर गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल ने दादी कुंवासी बाई और उनके दिव्यांग बेटे से हाल जानने की कोशिश की।पर कुंवासी बाई तो अपना तकलीफ बताने की भी स्थिति में नहीं है। यहां के नंदकुमार ध्रुव, भूतपूर्व पंच महेश यादव ने बताया इस 75 वर्ष की उम्र में भी वृद्ध आदिवासी महिला को पेंशन नहीं मिल पा रहा है। इस पर समाजसेवी मनोज पटेल ने नाराजगी जाहिर करते हुए शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक मदद करने की मांग किए है।

बूढ़ी मां और अपना 350 रुपये पेंशन में चला रहे हैं जीवन

कोलारस राम जानकी मंदिर पर मना श्रीराम जन्ममहोत्सव

रामस्वरूप रजक

कोलारस। श्री राम जानकी (राममंदिर) पर श्री राम जन्म महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बडी ही धूम-धाम से आयोजित किया गया । प्रातः देव स्तुति इसके वाद भगवान जन्म की महाआरती के वाद भजन कीर्तन किया गया। कोलारस नगर के अनुभवी गायक कलाकारों द्वारा भजन एव सुन्दर पदो गाऐ गऐ। भक्तजन मनमुग्ध हो रहे थे। प्रातःनौ वजे से दोपहर दो वजे तक भक्त जनों की भारी भीड देखी गई । इसके वाद प्रसादी कार्यक्रम सम्पन्य हुआ कार्यक्रम का आयोजंन सेठ वावूलाल विमल कुमार खीरखाने द्वारा आयोजित कराया गया ।

पाइप गिरने से युवक की मौके पर मौत

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

पिछोर। भौंती थाना क्षेत्र के गांव बामोर डामरोन व तिधारी के बीच गांवों में चल रही नलजल योजना के तहित कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी द्वारा प्लांट पर पाइप उतर रहे थे।तभी काम कर रहे बामोर डामरोन निवासी मजदूर रंजीत उर्फ कल्ला उम्र 19 साल पुत्र सिरनाम जाटव प्लांट पर मजदूरी करता था कैन से लोहे के जीआई पाइप उतर रहे थे तभी अचानक कैंन से पाइप छूटकर मजदूर के सर पर जा गिरा जिसके चलते मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई गुस्साए परिजनों का कहना है कि कंपनी मालिक पर एफ आई आर दर्ज की जाए और हमारी शर्तो को पूरा करें जब हम यहां से लाश उठायेंगे। मौके पर पहुंचे भौंती पुलिस थाना प्रभारी संजय मिश्रा द्वारा मृतक के परिवार वालों को समझाकर लाश पीएम के लिए भेज पुलिस जांच में जुटी।

सनातन धर्म की रक्षा के प्रति युवाओं ने बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया रामनवमी का पर्व

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग करचिया के राम भक्तों द्वारा राम नवमी उपलक्ष में श्री राम जी की भव्य शोभा यात्रा अखंड सुंदरकांड पाठ मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम जी की पूजा एवं भण्डारा का आयोजन रखा प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की पूजा समय सुबह 10 बजे बजे सुंदरकाण्ड पाठ शाम 06 बजे से -बाजे गाजे एवं अनेक झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा शाम 4ः30 बजे शोभायात्रा देवभोग से होते हुए श्री हनुमान मंदिर,दुर्गा मंदिर होते हुए गांधी चौक

श्री चेतन नायक ने कहा कि रामनवमी के दिन आम तौर पर हिन्दू परिवारों में व्रत-उपवास, पूजा पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। राम जी के जन्म के समय पर उनके जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है और खुशियों के साथ उनका स्वागत किया जाता है।कई घरों में विशेष साज-सज्जा कर, घर को पवित्र कर कलश स्थापना की जाती है और श्रीराम जी का पूजन कर, भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है।इस दिन विशेष तौर पर श्रीराम के साथ माता जानकी और लक्ष्मण जी की भी पूजा होती है और हर हिंदू को रामनवमी को भव्य रुप से मनाना चाहिए हर गली हर मोहल्ले से यह प्रयास करना चाहिए कि राम जी की रैली भव्य रूप से निकाली जाए ।

योगेश बीसी ने कहा- हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को रामजन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। राम जी के जन्म पर्व के कारण ही इस तिथि को रामनवमी कहा जाता है।

देवेंद्र टांडिल्य ने कहा- राम नवमी एक प्रसिद्ध और हर सनातनी हिन्दू का प्रमुख त्योहार है। यह शुक्ल पक्ष चैत्र माह के नवमी तीथी को मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान विष्णु के अवतार हमारे आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन को राम नवमी या श्री राम प्रकट उत्सव के रूप में मनाया जाता है हर सनातनी हिंदू को पूरे वर्ष इस दिन का इंतजार होता है और प्रभु के इस प्रकट उत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए मेरा यह अपील है कि हर सनातनी हिंदू अपने घर में भगवा ध्वज लगाए वह रामनवमी के दिन घर में पूजा अर्चना करें और अपने घर के आगे दीपावली की तरह दीप जलाएं और अपने घरों को सजाएं और सभी सनातनी हिंदू इस महापर्व पर एक दूसरे को बधाई दें और मर्यादा पुरुषोत्तम राम का भजन कीर्तन करें। श्री राम भक्त करचिया द्वारा राम जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें करचिया युवा संघ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । बसंत बीसी ,जसवंत पारी पंकज बीसी योगेश बीसी चैतन नायक, देवेन्द्र टांड़ल्यि, भीखराम बीसी, छायाबंत बीसी, हेमकांत पारी दिलीप नागेश, हेमलाल पारी,पुस्तम नायक,मधवो पारी ,अमर सिंह पारी प्रेम नायक, डी एच पारी, सूरज बीसी, हेमकूमार बीसी, छायासंत बीसी रूपसिंग निषाद, एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

मुड़ागाव में पंचो ने सचिव बंसत के खिलाफ की शिकायत पंचों ने कहा सचिव बंसत सिन्हा ने किया 15वित्त की राशि का किया बंदरबांट

सचिव तीन पंचायत का प्रभाव पूर्व में भी लग चुका है भ्रष्टाचार के कई आरोप

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुड़ागाव में पंचो ने सचिव बंसत के खिलाफ की शिकायत*पंचों ने कहा सचिव बंसत सिन्हा ने किया 15वित्त की राशि का किया बंदरबांटसचिव तीन पंचायत का प्रभाव पूर्व में भी लग चुका है भ्रष्टाचार के कई आरोपमैनपुर ~मैनपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ ग्रामीणों एव पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचायत निर्माण कार्य भारी अनिमियता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायतों का पुलिंदा जनपद पंचायत से लेकर जिले के कलेक्टर से की है। वही ग्रामीणों एवं पूरे पंचो का कहना है कि अगर शिकायत के बाद भी ऐसे लापरवाह सचिव बसंत सिन्हा के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नही होती है तो ग्रामीणों ने पंचायत मंत्री को पंचायत में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने की बात कही है। शिकायत में प्रमुख रूप से उल्लेख है कि ग्राम पंचायत सचिव विगत चार साल से पंचायत में उपस्थित नही दे रहे है। जिसके चलते पंचायती कार्य जैसे जन्म मृत्यु दर, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं पंचायत संबंधी अन्य कार्य के लिए भटकना पड़ रहा है। 15 वे वित्त व अन्य मद की राशि को सचिव व सरपंच बिना कार्य योजना एवं बिना पंचायत प्रस्ताव कार्य योजना में तैयार किया जाता है। मनमानी ढंग से बिल लगाकर सरकारी राशि का जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।बता दे कि पंचायत में निर्माण कार्य जैसे शौचालय निर्माण, पचरी निर्माण, भवन निर्माण, पुलिया निर्माण सभी कार्यों की गुणवत्ताही निर्माण कर सभी कार्य को आधा अधूरा छोड़ दिया गया है।पूर्व में भी बसंत सिन्हा पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए थे किंतु ठोस आधार नहीं मिलने के कारण उचित कार्यवाही नहीं हो पाई ग्रामीणों ने कहा कि बसंत सिन्हा हमेशा ही पंचायत में बिना जानकारी के मद का पैसा का दुरुपयोग करता है एवं पंचायत में उपस्थिति कम होती है अधिकारी को यह भी नहीं दिखता कि एक सचिव को तीन-तीन पंचायत का प्रभार क्यों दिया गया है ऐसा क्या है इस सचिव के पास के अधिकारीगण भी निष्पक्ष जांच नहीं करते इसके कारण ग्रामीणों ने मंत्री से शिकायत की भी और बात कही हैड़। सरगीगुडा पंचायत में भी पुलिया निर्माण में भी भाई बंदरबांट हुआ है इसमें खराब प्रकार के मटेरियल डाला जा रहा है यह भी खबर प्रकाशित हो चुका है फिर भी अधिकारी गण मौन है क्यों शासन प्रशासन मौन है उचित कार्यवाही नहीं हो रही है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में कबाड़ से जुगाड़ कर मॉडल तैयार करने वाले होनहार छात्रों को

एसडीएम ने मेडल व प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि प्रतिभा को छुपाए न आगे लेकर आए तो निखार आएगा

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में फरवरी माह में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।प्रतिभावान छात्रों को आज एसडीएम अर्पिता पाठक के हाथो मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बीईओ देवनाथ बघेल, व पालक समिति के अध्यक्ष भी मौजूद थे। संस्था के प्राचार्य गिरीश चंद्र बेहेरा द्वारा स्वागत की ओपचारिकता पूरी करने के बाद प्रतिभावान छात्रों को अतिथियों के हाथो मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडीएम अर्पिता पाठक ने कहा कि सरकार की कल्पना थी की इसमें दूरस्थ वा ग्रामीण अंचल के छात्रों को महंगे व निजी संस्थान की तुलना में बेहतर शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों को बेहतर तरीके से लागू किया जाए।मैने छात्रों के बनाए मॉडल देखे,इसे देख कर लगता है की शासन के मंशा अनुरूप इस संस्थान में सभी गतिविधि संचालित हो रही है।इसके लिए एसडीएम ने प्राचार्य व उनकी पूरी टीम की कार्य की सराहना किया। एसडीएम ने अपने छात्र जीवन काल को याद कर उन छात्रों से कहा कि प्रतिभा छुपाने से नही आगे आकर दिखाने से निखार आती है।

इन्हें मिला पुरस्कार

प्राइमरी लेवल

1- ट्रैफिक लाइट- पूर्वांश साहू ,गीतिका निर्मलकर (कक्षा-2)

2-ब्रेल लिपि- हर्षिता नागेश, भाव्याश्री सोनी,प्रियांशी चौहान (कक्षा-5)

3-सोलर सिस्टम- आकृति यादव,मुहूर्त कश्यप ,नंदिता नायक,नम्रता नेताम (कक्षा 4)

मिडिल स्कूल लेवल

1-रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्वास्तिक शुक्ला, केशुतोष बघेल, नमन यादव ,आर्यन अग्रवाल श्रेयांक साहू (कक्षा-8)

2-एक्सक्रेट्री सिस्टम किडनी मुस्कान पांडे, रानी माहुति,लीशा नायक ,दामिनी बघेल (कक्षा-7) एवं चैतन नागेश, राधाकांत, नमिता (कक्षा 6)

3-वोल्केनो मॉडल- वैष्णवी ठाकुर, ऐश्वर्या,चांदनी शर्मा ,सौम्या रेंगे(कक्षा-6)

हाई स्कूल लेवल

1- एनर्जी कंजर्वेशन- शिवांश मिश्रा ,पीयूष शर्मा

2- स्ट्रक्कर ऑफ एटम-गरिमा, कृतिश्री, वैष्णवी,

डिम्पल

3-फायर -सत्यभारती, सक्षम मिश्रा

कबाड़ से जुगाड़ के लिए

1-कबाड़ से जुगाड़- हर्षवर्धन, रुद्राक्ष, अभिषेक, कुलेश यादव, सैमुअल बेंजाल(5 वीं)

2-ह्यूमन हार्ट- समीर कुमार बाग, आदर्श वर्धन,नागेंद्र, प्रहलाद सिन्हा, कुलरंजन, यथार्थ साहू (6 वीं)

रंगोली–

1-रानी माहुति

2-वर्षा दीवान-8

3-डॉली सिन्हा 5

मटकी फोड़ प्रतियोगिता-

साक्षी यदु

झजेंद्र पांडे

पुरुस्कृत किए गए।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कर कमलों से होगा भूमिपूजन

प्रदेश का पहला पीपीपी मोड बस स्टैंड 2 साल में बनकर होगा तैयार, दमोह के लोगों को मिलेंगी महानगरों जैसी सुविधाएं

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह। शहर के सागर नाका बाईपास पर अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण 1 अप्रैल 2023 से शुरू होने जा रहा है। जिसके निर्माण के पहली नींव की आधार शिला सुप्रसिद्ध 1008 पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार के कर कमलों द्वारा रखी जाएगी। दमोह वासियों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होंगी जब बस स्टेण्ड बनकर तैयार हो जायेगा।इस बस स्टैंड के निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी श्याम डेवलपर्स दमोह एवं राधे प्रोडक्शन जबलपुर है। जो शासन की सभी स्वीकृति के बाद स्टेण्ड का निर्माण करने जा रही है बस स्टेण्ड का निर्माण पांच हेक्टेयर शासकीय भूमि पर किया जा रहा है। बस स्टैंड निर्माण के बाद जहां शहर के लोगों के रोजगार के नये आयाम खुलेंगे तो दमोह शहर विकास की नई इबारत भी रखी जाएगी। बस स्टैंड निर्माण 5 हेक्टेयर 12 एकड़ में प्रस्तावित है जिसमें 7.5 एकड़ में बस स्टैंड बिल्डिंग्स अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें दुकानों का समूह, सुपरमार्केट, सुविधाजनक दुकाने, होटल, गेमिंग जोन, ओपन टेरेस फूड कोर्ट, बैंक स्थान, कार्यालय की जगह, ब्रांडेड शोरूम, बस डिपो, 150 बसों की पार्किंग, मैकेनिक दुकाने, बस सर्विसिंग सेंटर, स्पेयर पार्ट्स दुकाने, बस चालक छात्रालय, 300 कार पार्किंग, 150 ऑटो रिक्शा पार्किंग एवं ड्रॉप सुविधा, 15 रनिंग बसवे, 3 व्हीलचेयर रेप सुविधा, 48 बस ऑपरेटर कार्यालय, सार्वजनिक शौचालय, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, महिला प्रतीक्षालय, स्तनपान कक्ष, पुलिस सुविधा केंद्र, निगरानी सुरक्षा कक्ष, चिकित्सा कक्ष, अग्नि सुरक्षा संयंत्र, 6 एक्सलेटर, 6 सीढ़िया, बुक स्टॉल, जलपान की दुकाने, फूड कोर्ट, गेमिंग जोन, पार्क फुब्बारे, बच्चों का खेलने के क्षेत्र सहित अन्य तमाम सुविधाएं शामिल है।

गोहरापदर में रामनवमी की शोभायात्रा पर दिखा गजब का उत्साह, डीजे की धुन में झूम उठे

संवाददाता हेमचंद नागेश

गोहरापदर रामनवमी के अवसर पर पूरा देश राम भक्ति में लीन है इसी तारतम्य में गोहरापदर नगर में

भी सनातनियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली।नगर सहित पूरे अंचल से सैकड़ों लोग जमा हुए।गोहरापदर के ह्रदय स्थल बजरंग चौक में आराध्य प्रभु श्री राम के तैलचित्र में पूजा अर्चना के पश्चात बस स्टैंड होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली.ग्राम के गली मोहल्लों में भ्रमण करते हुए यात्रा आगे बढ़ी डीजे की धुन में नवयुवक थिरक रहे थे।बच्चे, बुजुर्ग, नवयुवक, महिलायें, गाँव के गणमान्य नागरिक सभी रामभक्ति में लीन थे। बीते एक हफ्ते से बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता तोरण और ध्वज को प्रत्येक गली मोहल्ले में लगा रहे थे। पूरा नगर भगवामय हो चुका था।सैकडों रामभक्त भक्ति के रस में सराबोर थे,भगवा पताका फहराते हुए हुए जय श्री राम का नारे का उद्घोष किया का गया ।तत्पश्चात पुनः बजरंग चौक में यात्रा का समापन हुआ।जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर,विंजन पब्लिक स्कूल द्वारा भव्य झांकी निकाली गयी,छोटे छोटे बच्चे प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान बने हुए थे।इस भव्य शोभायात्रा में सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 21 साल के बाद विवाह तक हर महीने

1000 रूपए देने पर किया जा रहा है विचार : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

पुष्पांजली टुडे

दमोह। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 21 वर्ष के बाद उनके विवाह तक 1000 रूपए प्रति माह देने की योजना पर विचार किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि लाड़ली लक्ष्मी बेटी को किसी भी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो। लाड़ली लक्ष्मी योजना जन्म लेने से 21 वर्ष तक के लिए है। लाड़ली बहना योजना 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की विवाहित महिलाओं के लिए प्रारंभ की गई है। उद्देश्य यह है कि 21 वर्ष के बाद लाड़ली लक्ष्मी बेटी को उसके विवाह होने तक 1000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएँ, जिससे उसे आर्थिक दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने प्रात~ शिव शक्ति संवाद में सवाल पूछने वाली विविध क्षेत्र की महिलाओं से महिला कल्याण योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री से सरपंच श्रीमती जागृति पाल, ग्राम मेंडोरी, जिला भोपाल पुलिस निरीक्षक सुश्री अंजना धुर्वे महिला थाना प्रभारी भोपाल, स्टूडेंट सुश्री वैदेही सिंह चौहान, डॉ. निधि रौनक सहिता मालती हॉस्पिटल भोपाल, लाड़ली बहना श्रीमती आरती उमरिया, खिलाड़ी जूडो चेम्पियन मोनिका परोची, लाड़ली लक्ष्मी निकिता प्रजापति भोपाल, इंजीनियर कीर्ति निगम, पीडब्ल्यूडी ऑफिस भोपाल और स्व-सहायता समूह फंदा भोपाल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव सागर ने सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने बहनों और बेटियों से संवाद में उनके सवालों के जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

शराब के ठेके क्या बदले, मयखानों में लग गई लाइन

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह । शहर में 31 मार्च को शराब के ठेके बदलते ही मयखानों में लाइनें लग गई। शहर के चरयाई बाजार एवं जबलपुर नाका क्षेत्र स्थित शराब दुकान में 100 रूपए में 4 पौआ और 1 फ्री क्या मिला लोगों ने जेबों में भरकर शराब कि बोतले अपने साथ ले गए और अपना स्टॉक बनाते इस नड़ारे को देखने के लिए लोगों कि काफी भीड देखी गई जहाँ लोग अपने मोबाइल में वीडियो बनाते देखे गए। जानकारी के अनुसार शहर के कुछ दुकानों के टेंडर दूसरे ठेकेदारों को मिलने के बाद स्टॉक ड़त्म करने के लिए शराब को सस्ता करके खत्म किया जा रहा है।जिससे लोगों में शराब खरीदने के लिए होड़ लगी है।

धरमपुरा मुख्य मार्ग में अज्ञात बाइक सवार ने बुजुर्ग महिला को मारी ठोकर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रतीक यदु ने घायल महिला को पहुंचाया जिला अस्पताल

संवाददाता हेमचंद नागेश

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव व कवर्धा विधानसभा प्रभारी प्रतीक यदु व साथी युवा कांग्रेस के कार्यक्रम व विवाह समारोह मे सम्मिलित होने कवर्धा दौरे मे थे। रात्रि कवर्धा से रायपुर वापसी के समय पिपरिया थाने के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरमपुरा के पास मुख्य मार्ग मे अज्ञात बाइक सवार ने एक बुजुर्ग महिला को ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिस दौरान प्रतीक यदु व उनके साथियों ने बुजुर्ग महिला को पुलिस की मदद से एम्बुलेंस द्वारा कवर्धा जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। साथियो मे दानेश्वर यदु, भूपेंद्र देवांगन, देवेंद्र साहू, राजनल धुर्वे उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में किसानों और ग्रामीणों के जीवन में सहकारिता के माध्यम से आया बड़ा बदलावः मुख्यमंत्री बघेल

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत बैंक की शाखा भवन अहिवारा सहित 11 एटीएम तथा गोदामों का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। कार्यक्रम में कुल 2 करोड़ 21 लाख

मुख्यमंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

68 हजार रूपए की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। आज 11 एटीएम का लोकार्पण हुआ, इनमें ग्राम अण्डा, बोरसी, अहिवारा, अरमरीकला, अर्जुन्दा, करहीभदर, डौंडीलोहारा, बेलौदी, कुरदी, भांठागांव- आर और जेवरा में एटीएम स्थापित किए गए है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में अब किसानों सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन दिखाई देने लगा है। हमने राज्य में सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार काम किया है। सहकारिता के क्षेत्र की कठिनाईयों को दूर करते हुए इसके माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। यही वजह है कि पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ के किसानों और ग्रामीणों के जीवन में सहकारिता के माध्यम से बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य हो रहे है। इनमें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसके अलावा हमने राज्य में किसानों को ऋण माफ करके तथा बकाया सिंचाई कर माफ करके उनमें नयी ताकत जगाई है। साथ ही किसानों को उनकी उपज की सही कीमत दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित है। इसके माध्यम से चार किश्तों में प्रोत्साहन राशि दी जाती है। किसानों को उचित समय पर इनपुट सब्सिडी मिलने से खेती-किसानी में उन्हें आसानी हुई है। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की सीमा में वृद्धि करते हुए अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि पूर्व में प्रदेश में 1333 सेवा सहकारी समितियां थी, आज 2058 सहकारी समितियां है। किसानों को उनके गांव के नजदीक ही ऋण तथा खाद-बीज मिल सके और धान बेचने की सुविधा बड़े, इसके लिए शासन द्वारा 725 नयी सहकारी

समितियों का गठन किया गया है। किसान अपने गांव के नजदीक ही धान बेच सके, इसके लिए पूरे प्रदेश में नये धान खरीदी केन्द्र खोले गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 2617 धान खरीदी केन्द्र संचालित है। इसी तरह प्रदेश में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखाएं वर्तमान में 272 से बड़कर 325 तथा इनके एटीएम की संख्या 29 से बड़कर 148 हो गई हैं। इसके वजह से प्रदेश में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हुआ। इसमें किसानों को धान की बिक्री में कोई दिक्कत नहीं हुई। साथ ही इससे किसानों का उत्साह बड़ा और वे नई ऊर्जा के साथ खेती-किसानी कर रहे हैं। कार्यक्रम को अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को बड़ावा देने के साथ-साथ सहकारिता के विस्तार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इससे किसानों को लेन-देन तथा खेती-किसानी के कार्य में अच्छी सुविधा हो गई है। राज्य में सहकारिता के माध्यम से किसानों को मदद पहुंचाने हर संभव पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगड़ में सहकारिता विस्तार के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की सराहना अन्य राज्यों में भी होने लगी है। कार्यक्रम को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रबंध संचालक छत्तीसगड़ राज्य सहकारी बैंक श्री के.एन. कांडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सम्पादकीय

दागदार राजनीति, राजनीतिक दल ही करें सजायाफ्ता नेताओं को दूर करने का काम

यह सही है कि ऐसे नेता चुनाव नहीं लड़ सकते लेकिन वे राजनीति में सक्रिय रहकर उसे प्रभावित करने का काम तो करते ही हैं। ऐसे नेता कई बार दल विशेष के कर्ता-धर्ता बनकर उसकी रीति-नीति तय करने का भी काम करते हैं। यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट उस याचिका की सुनवाई करने को तैयार है, जिसमें यह मांग की गई है कि दोषियों को राजनीतिक पार्टी बनाने और किसी दल का पदाधिकारी बनने पर रोक लगाई जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को शीघ्र सुनने की आवश्यकता नहीं समझी, लेकिन यह आशा की जाती है कि वह उस पर गंभीरता से विचार करने के साथ ही ऐसा कुछ करेगा, जिससे किसी आपराधिक मामले में सजा पाए नेता किसी दल में पद न धारण कर सकें और न ही अपना राजनीतिक दल बनाने पाएं। ऐसी कोई व्यवस्था बनाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि कई ऐसे नेता हैं, जो सजायाफ्ता होने के बाद भी अपने दल में कोई न कोई पद धारण किए रहते हैं अथवा उन्होंने अपने राजनीतिक दल का गठन कर लिया है। यह और कुछ नहीं सजायाफ्ता नेताओं की ओर से पर्दे के पीछे से की जाने वाली राजनीति है। उनकी यह सक्रियता राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के प्रयासों पर पानी फेरने का ही काम करती है। यह सही है कि ऐसे नेता चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन वे राजनीति में सक्रिय रहकर उसे प्रभावित करने का काम तो करते ही हैं। ऐसे नेता कई बार दल विशेष के कर्ता-धर्ता बनकर उसकी रीति-नीति तय करने का भी काम करते हैं। इसी तरह वे यह मिथ्या प्रचार करके लोगों की सहानुभूति अर्जित करने की भी कोशिश करते हैं कि उन्हें राजनीतिक बदले की भावना के तहत जानबूझकर झूठे मामले मे फंसाया गया। सजायाफ्ता नेता ऐसे कुतर्क भी खूब देते हैं कि सबसे बड़ी अदालत जनता है। कई बार वे अदालतों के फैसले को सरकार का फैसला करार देकर भी लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं। राहुल गांधी इन दिनों यही कर रहे हैं। उन्हें आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत ने सजा सुनाई है और उसके चलते उन्होंने लोकसभा सदस्यता गंवा दी है, लेकिन वह और उनके साथी यही प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि उन्हें सरकार ने सजा दी है, क्योंकि वे उसके विरुद्ध बोल रहे थे। स्पष्ट है कि वह पीड़ित होने का दिखावा इसीलिए कर रहे हैं, क्योंकि यह जान रहे हैं कि सांसद न रहते हुए भी कांग्रेस की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूमती रहेगी और उन्हें कुछ हमदर्दी हासिल हो जाएगी। कायदे से सजायाफ्ता नेताओं को राजनीति से दूर करने का काम राजनीतिक दलों को ही करना चाहिए, लेकिन वे न तो इसके लिए तैयार हैं और न ही चुनाव आयोग के उस प्रस्ताव को स्वीकार रहे हैं जिसके तहत इस पर बल दिया जा रहा है, जो नेता गंभीर आरोपों से दो-चार हों और जिनके खिलाफ आरोपपत्र दायर हो चुका हो, उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाए। समझना कठिन है कि राजनीतिक दल इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं।

रामनवमीः आखिर क्यों भड़कती है साम्प्रदायिक हिंसा की आग

रामनवमी के मौके पर निकली शोभा यात्राओं को लेकर देश के विभिन्न राज्यों में हिंसा की जो घटनाएं हुई हैं, वे एक सवाल खड़ा करती हैं कि हर साल इसी मौके पर साम्प्रदायिक माहौल खराब करने के पीछे क्या कोई सुनियोजित साजिश रची जाती हैड़ सवाल ये भी है कि संबंधित राज्य की सरकार और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से मुस्तैद आखिर क्यों नहीं रहता और दो संप्रदायों के बीच हिंसा भड़कने का इंतजार क्यों करता हैड़ हावड़ा से लेकर वडोदरा तक और लखनऊ से लेकर संभाजी नगर तक कहीं पथराव हुआ है, तो कहीं उपद्रवियों ने आगजनी करते हुए जो साम्प्रदायिक तनाव पैदा किया है, उसके लिए किसे कसूरवार ठहराया जाए. हिंसा की ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण करना तो रिवाज बन चुका है लेकिन कोई भी राज्य सरकार इसके लिए अपनी चूक मानने को तैयार नहीं होती कि ये उसकी प्रशासनिक विफलता की बड़ी मिसाल है. हिंसा व आगजनी की बड़ी घटना पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुई है.केंद्र की कथित उपेक्षा को लेकर कोलकाता में दो दिन से धरने पर बैठी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हालांकि उपद्रवियों को पहले से ही चेतावनी देते हुए बड़ा बयान दे दिया था. इसलिये सवाल उठता है कि अगर उन्हें हिंसा भड़कने-भड़काने का अंदेशा अगर पहले से ही था,तो उन्होंने इसे रोकने के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किये. मुख्यमंत्री के साथ वे राज्य की गृह मंत्री भी हैं,इसलिये उनकी तो दोहरी जिम्मेदारी बनती थी. धरना-मंच से ही ममता बनर्जी ने शरारती तत्वों को चेताते हुए कहा था, %%किसी गुंडे ने कहा है कि राम नवमी के दिन हम अस्त्र लेकर जुलूस निकालेंगे. मैं रामनवमी के जुलूस को रोकूंगी नहीं, लेकिन अगर अस्त्र निकलें तो सरकार की ओर से कार्रवाई होगी. रमजान का महीना भी चल रहा है और इस दौरान अगर किसी ने भी कोई गलत काम करने की कोशिश की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा. ममता ने कहा, ÷मैं उन लोगों से अनुरोध करना चाहती हूं जो रामनवमी का जुलूस निकाल रहे हैं. जुलूस निकालें लेकिन शांति से. कृपया मुस्लिम क्षेत्रों में जाने से बचें क्योंकि रमजान चल रहा है.आपको जुलूस निकालने का अधिकार है, लेकिन दंगा करने का अधिकार किसी को नहीं है. अब सवाल है कि जब पहले से ही अंदेशा था, तो फिर शोभा यात्रा को मुस्लिम इलाकों से गुजरने की इजाजत आखिर किसने और क्यों दी। हालांकि हावड़ा की हिंसा के बाद ममता ने नाम लिए बिना इसके लिए बीजेपी को ही दोषी ठहराया है. उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक दंगों को अंजाम देने के लिए राज्य के बाहर से गुंडे बुलाते रहे हैं. उनके जुलूसों को किसी ने नहीं रोका, लेकिन उन्हें तलवारें और बुलडोजर लेकर मार्च करने का अधिकार नहीं है. उन्हें हावड़ा में ऐसा करने का दुस्साहस कैसे हो गयाड़ ममता ने ये भी कहा कि रमजान का भी महीना चल रहा है और इस महीने में मुसलमान कोई 'गलत' काम नहीं करते हैं. उन्होंने कहा कि मेरी आंखें, कान खुले हैं. मैं सब कुछ सूंघ सकती हूं. मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से जुलूस निकालते समय मैंने उन्हें पहले ही आगाह कर दिया था कि वे सावधान रहें. मैंने पहले भी कहा है कि रामनवमी की रैली करेंगे तो हिंसा हो सकती है. आज हावड़ा में बुलडोजर भी लेकर गए. रूट बदल दिया, किससे पूछकर रूट बदलाड़ ताकि एक समुदाय को टारगेट किया जा सके. लेकिन बीजेपी ने पलटवार करते हुए हावड़ा की हिंसा के लिए पूरी तरह से ममता बनर्जी को ही दोषी ठहराया है.पार्टी की सोशल मीडिया इकाई के प्रमुख अमित मालवीय ने अपने ट्वीट में लिखा है, ÷हिंदू भावनाओं की अवहेलना करते हुए, ममता बनर्जी ने रामनवमी पर धरना दिया. फिर हिंदुओं को मुस्लिम क्षेत्रों से बचने की चेतावनी दी क्योंकि रमजान था, यह भूलकर कि हिंदू भी नवरात्र के उपवास कर रहे थे. पश्चिम बंगाल की गृह मंत्री के रूप में वह हावड़ा हिंसा के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं. अब सवाल उठता है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल भी क्या हिंदुत्व की बड़ी प्रयोगशाला बनने की तरफ आगे बड़ रहा हैड़ राजनीतिक विश्लेषक कमोबेश इसका जवाब हां में ही देते हैं.विश्लेषकों का कहना है कि दरअसल, रामनवमी और हनुमान जयंती उत्सवों के बहाने विश्व हिंदू परिषद और संघ ने साल 2014 से ही राज्य में पांव जमाने की कवायद शुरू कर दी थी.हर बीतते साल के साथ इन आयोजनों का स्वरूप बदला और इन संगठनों की जमीन भी मजबूत होती चली गई.जाहिर है कि इसका राजनीतिक फायदा बीजेपी को ही मिलना था,जो उसे मिला भी.इसका सबसे बड़ा सबूत है ,साल 2019 के लोकसभा चुनाव जब बीजेपी ने तमाम राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को झुठलाते हुए 42 में से 18 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था. जानकार मानते हैं कि बीजेपी की उस बड़ी सफलता में इन आयोजनों की ही अहम भूमिका रही है. बीजेपी को मिली उस कामयाबी के बाद से ही साल दर साल इस मौके पर होने वाले आयोजन और उसकी भव्यता बड़ने के साथ ही इस त्योहार पर सियासत का रंग और गहरा हुआ है. बता दें कि बंगाल में जल्द ही पंचायत चुनाव होने वाले हैं.इन चुनावों को ध्यान में रखते हुए वीएचपी और हिंदू जागरण मंच जैसे संगठनों ने इस साल भी बड़े पैमाने पर रैलियां निकालने और राम महोत्सव मनाने का एलान किया है. संघ, वीएचपी और उसके सहयोगी संगठनों ने इस साल रामनवमी यानी 30 मार्च से हनुमान जयंती (6 अप्रैल) तक पूरे राज्य में सप्ताह भर चलने वाले राम महोत्सव के आयोजन का एलान किया है.इस अवसर पर करीब दो हजार इलाकों में भव्य पैमाने पर समारोह आयोजित किए जाएंगे. अब हमारे सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश बेशक फटकार लगाते रहें कि धर्म को राजनीति से अलग किये बगैर नफरत फैलाने वाले भाषणों को खत्म नहीं किया जा सकता लेकिन कड़वा सच तो ये भी है कि उन दोनों का ये गठजोड़ ही साम्प्रदायिक हिंसा की आग को कभी बुझने भी नहीं देगा!

शिक्षकों की भूमिका, ताकि उनकी छवि सुधरे और वे भावी पीढ़ी के लिए रोल माडल बनें

शिक्षकों को शिक्षा से इतर दूसरे कार्यों में खपाना एक तरह से जानबूझकर शिक्षा के महत्व की अनदेखी करना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय विभिन्न उच्च न्यायालयों शिक्षा बोर्डों और शिक्षकों के संगठनों की ओर से एक लंबे अर्से से यह कहा जा रहा है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में न खपाया जाए लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही है। शिक्षा मंत्रालय की यह पहल स्वागतयोग्य है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य सरकारों को इसकी गारंटी देनी होगी कि वे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाएंगी। यह संभव है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आग्रह-आदेश पर राज्य सरकारें इसके लिए हामी भर दें कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाएंगी, लेकिन वे इसकी गारंटी देने में तभी समर्थ होंगी, जब उन कार्यों के लिए अन्य विभागों की मदद लेंगी, जो अभी तक शिक्षकों को सौंप दिए जाते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों, शिक्षा बोर्डों और शिक्षकों के संगठनों की ओर से एक लंबे अर्से से यह कहा जा रहा है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में न खपाया जाए, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही है। सच्चाई यह है कि जैसे-जैसे इस पर जोर दिया जाता रहा कि शिक्षकों को अन्य कामों में न लगाया जाए, वैसे-वैसे उन्हें शिक्षण से इतर कार्यों में खपाने का सिलसिला कायम होता गया। यह स्थिति करीब-करीब देश के लगभग सभी राज्यों में बनी। इसका

कारण यह है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य सौंपना एक परिपाटी बन गया है। क्या यह आशा की जाए कि शिक्षा मंत्रालय की पहल पर राज्य सरकारें यह गारंटी देने के लिए आगे आएंगी कि शिक्षकों को पठन-पाठन के अतिरिक्त अन्य कोई दायित्व नहीं सौंपेंगी। यह फिलहाल एक अनुत्तरित प्रश्न है, लेकिन इसका सकारात्मक उत्तर राज्य सरकारों को देना ही होगा। शिक्षकों को शिक्षा से इतर दूसरे कार्यों में खपाना एक तरह से जानबूझकर शिक्षा के महत्व की अनदेखी करना है। राज्य सरकारों को यह अनदेखी तत्काल प्रभाव से बंद करनी चाहिए। इसका कोई औचित्य नहीं कि हर नया काम शिक्षकों को सौंप दिया जाए। एक अनुमान के अनुसार कुछ राज्यों में शिक्षकों को एक दर्जन से अधिक ऐसे कामों में लगाया जाता है, जिनका पढ़ाई-लिखाई से कोई सीधा संबंध नहीं होता। जैसे राज्य सरकारों से यह अपेक्षित है कि वे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में न खपाएं, वैसे ही शिक्षकों से इसकी आशा की जाती है कि वे पठन-पाठन के अपने दायित्वों का निर्वाह समर्पण भाव से करें। उन पर भावी पीढ़ी को गढ़ने और विशेष रूप से उसका चरित्र निर्माण करने का महती जिम्मेदारी होती है। कोई भी समझ सकता है कि विभिन्न कारणों से इस जिम्मेदारी का पालन नहीं हो पा रहा है। शायद इसी कारण समाज में शिक्षकों की छवि वैसी नहीं रह गई है, जैसी एक समय होती थी। अच्छा यह होगा कि राज्य सरकारें, शिक्षक संगठन, विद्यालय और स्वयं शिक्षक उन उपायों पर विचार करें, जिनसे शिक्षकों की छवि सुधरे और वे भावी पीढ़ी के लिए रोल माडल बनें। शिक्षकों की यह भी जिम्मेदारी है कि वे छात्रों को ऐसे लोगों से परिचित कराएं, जो उनके लिए रोल माडल बन सकें और वे बेहतर नागरिक बन सकें।

कर्नाटक चुनाव के लिए बीजेपी तैयार, कांग्रेस की होगी हार

कर्नाटक की 224 विधान सभा सीटें के लिए 10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को इसके नतीजे भी आ जाएंगे. हमें ऐसा लगता है कि इस बार वहां पर बीजेपी की सरकार बनने जा रही है. कांग्रेस की करारी शिकस्त होगी. जहां तक तैयारी की बात है तो हमें चुनाव के लिए तो कोई स्पेशल तैयारी नहीं करनी पड़ती है क्योंकि हमारी पार्टी की मशीनरी बहुत ही वाइड है. हम लोग तो 12 महीना काम करते हैं. ऐसा नहीं है कि हम चुनाव आया है तो अब उसकी तैयारी करेंगे और गलत बयानबाजी करेंगे. बीजेपी की जहां कहीं भी सरकार होती है तो वह अपना काम करती रहती है और वह उसी के बेसिस पर लोगों के बीच जाती है. हम लोग बताएंगे कि हमने अब तक ये-ये किया है और आगे यह करने वाले हैं. हमारा मानना है कि कर्नाटक भी इससे अलग नहीं होगा. इसे लेकर हम बहुत आश्वस्त हैं कि हमारा जो कार्यकाल रहा है और जिस तरीके से हमने गुड गवर्नेंस दिया है. मोदी जी की एक अच्छी इमेज है, उनका जो भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कमिटमेंट है उसके कारण लोग निश्चित ही हमारे साथ जुड़े हैं और हम बहुत कॉन्फिडेंट हैं कि हमारी सरकार कर्नाटक में एक बार फिर से भारी बहुमत के साथ बनेगी.

जहां तक एबीपी न्यूज़-सी वोटर के ओपिनियन पोल में कांग्रेस को ज्यादा सीटें दिखाई जा रही है, तो ऐसा है कि मैं ओपिनियन पोल की विश्वसनीयता पर प्रश्न नहीं खड़ा कर रहा हूं लेकिन आज के समय में जब भाजपा कर्नाटक में सरकार चला रही है और कांग्रेस और जेडीएस विपक्ष में हैं, उसके बाद अगर आप किसी तरह से मेजॉरिटी में पहुंच पा रहे हैं, तो आप समझने की स्थिति बहुत बुरी है कांग्रेस के लिए. मैं आपको बता दूं कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा यह भाजपा के पक्ष में जाएगा क्योंकि बहुत सारे जब हम काम करते हैं तो उसे लोगों तक पहुंचाने का चुनाव में ही वक्त मिल पाता है. क्योंकि बहुत से ऐसे कार्य होते हैं जिसे लोग भूल जाते हैं. चुनाव के दौरान जो डिबेट होते हैं तो उसके जरिये हम अपने काम को लोगों के बीच रख पाते हैं. वहां जब हमारी सरकार नहीं आई थी, वहां की कांग्रेस सरकार थी जब यह सब बातें लोगों को याद दिलाई जाएगी तो ओपिनियन पोल जो है, वह भाजपा के पक्ष में ही आएगा. आप देखिएगा इसके विपरीत ही नहीं बल्कि बहुत रिजल्ट आएंगे. ऐसा पहले भी देखा गया है राष्ट्रीय मीडिया में जब तक बीजेपी जीत नहीं जाती तब तक वह कांग्रेस को जिताने का प्रयास करती रहती है और जब चुनाव का नतीजा आ जाता है तो हमारी ही जीत होती है. पिछली बार जो चुनाव हुआ था तो उस वक्त भी हम सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरे थे. हमें 104 सीटें मिली थी कांग्रेस 80 सीट पर थी और जनता दल सेक्युलर के पास 37 सीटें थीं. सभी एक दूसरे के खिलाफ लड़े थे और बाद में भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस और जेडीएस साथ आ गए थे और यह मतदान का अपमान था क्योंकि जो लोगों ने जेडीएस को वोट दिया था वो कांग्रेस के खिलाफ दिया था. जब यही बात सामने आई तो कांग्रेस के ही कुछ लोग बागी हो गए और सरकार को गिरा दिए. उसके बाद जब चुनाव हुआ तो फिर से हमारी मेजॉरिटी आ गए. हम लोग में ही बहुमत से कुछ ही सीटें पीछे थे. इस बार जो माहौल है वह पूरी तरीके से अलग है क्योंकि कांग्रेस का जो चेहरा है वह बिल्कुल ही बेनकाब हो गया है. चाहे आप उसे राष्ट्रीय स्तर पर देखिए या फिर क्षेत्रीय स्तर पर देखिए. हमें लगता है कि हम बहुत ही मजबूत स्थिति में हैं. मोदी जी का नेतृत्व में जो सरकार और उनका जो पॉपुलैरिटी है और जब हम केंद्र में उनकी सरकार की बात करते हैं और कर्नाटक में भी उनका बहुत असर है. हम तो अपने कार्यों पर वोट मांगेंगे. मेरा मानना है कि यह चुनाव बहुत ही निर्णायक है और जहां तक राष्ट्रीय ट्रेंड की बात है तो आपको याद होगा कि जब नॉर्थ ईस्ट में चुनाव होते थे तो कोई भाजपा के बारे में बात ही नहीं करता था. नार्थ ईस्ट में भाजपा का कोई झंडा उठाने वाला भी नहीं था. लेकिन आज क्या स्थिति है. नॉर्थ ईस्ट में जो चुनाव हुए तो हर जगह हम जीते हैं चाहे अपने गठबंधन दलों के साथ नहीं तो फिर खुद से. आप उसका उदाहरण त्रिपुरा में देख सकते हैं. कांग्रेस तो किसी भी राज्य में 5 सीट भी नहीं जीत पाई. इसे आप राष्ट्रीय ट्रेंड ही मान लीजिए. कर्नाटक बहुत ही महत्वपूर्ण है हम तो वहां पर सत्ता में हैं और कांग्रेस और अन्य वह जो विपक्षी पार्टियां हैं जो बोलती थी कि वह हम गठबंधन करेंगे उसके बाद चुनाव में जाएंगे, भाजपा को हराएंगे और मोदी जी को हटाएंगे. उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है. आप क्यों नहीं साथ जाते हैं. आप क्यों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं कर्नाटक में. जब ये एक राज्य में एक साथ नहीं आ पाए तो आप बताइए कि ये लोग कैसे राष्ट्रीय स्तर पर क्या एक साथ आ पाएंगे. कांग्रेस हारती रही है और वहां पर उसके लिए बहुत कुछ दाव पर है. कांग्रेस का वहां पर कुछ दिखता नहीं है हालांकि राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा की है. कर्नाटक में ही वह 500 किलोमीटर चले थे तो निश्चित ही वह प्रयास करेंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि कहीं राहुल गांधी बीच में ही चुनाव प्रचार छोड़कर चले ना जाए जब उनको यह लगने लगे कि आप कांग्रेस हार रही है. अब चुकी राहुल गांधी जी संसद के सदस्य भी नहीं है तो उनके पास तो पूरा वक्त है कि वह वहां पर चुनाव कैंपेन करें और वह दिखाएं कि वह कुछ कर सकते हैं. लेकिन उससे कुछ होना जाना है नहीं क्योंकि राहुल गांधी जहां-जहां कैंपेन करते हैं वहां कांग्रेस की हार सुनिश्चित हो जाती है. राजनीतिक तौर पर इसका लाभ होगा या नहीं यह कहना तो मुश्किल है लेकिन इतना जरूर है कि यह न्याय संगत नहीं था. संविधान के मुताबिक नहीं था. क्योंकि धर्म के नाम पर किसी भी समुदाय को आरक्षण नहीं दिया जा सकता है और ये भी तो सोचना होगा कि जब आपने इस्लाम धर्म को अपनाया तो इस्लाम तो सोशल इनिक्वालिटी को मानता नहीं है और उसके जो अनुयाई हैं, वो यह नहीं कह सकते हैं कि वे सामाजिक तौर पर अनइक्वल हैं. सोशल इकोनामिक बैकग्राउंड पर रिजर्वेशन मिल रहा है तो वह सोशल तो कहीं से हो ही नहीं सकता है. अगर आपको उसका लाभ चाहिए तो वह आर्थिक तौर पर ही मिल सकता है और इसमें चाहे कोई भी हो चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान यह सबके लिए है. इसलिए उन्हें ईडब्ल्यूएस के कोटा में शेड्यूल कास्ट के साथ डाल दिया गया है. मुसलमान तो बराबरी की बात करते हैं, तो सोशल इनिक्वालिटी तो हुआ ही नहीं न इसी कारण से आरक्षण की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है. क्योंकि किसी भी राज्य में धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है और कांग्रेस जो है वह तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है. लेकिन जब हम बात करेंगे तो कॉन्स्टिट्यूशन के दायरे में बात करेंगे न्याय संगत बात करेंगे. देश ने एक नया ट्रेंड देखा है जिसे हम प्रो-इनकंबेंसी कहते हैं. यह पहले एंटी इनकंबेंसी के नाम पर होता था लेकिन अब यह प्रो इनकंबेंसी के नाम पर होता है. इसका मतलब यह है कि लोग चाहते हैं कि सरकार अच्छा काम कर रही है इसे फिर से कंटिन्यू किया जाए और उन्हें वक्त दिया जाए. जो मोदी जी का इमेज है वह भाजपा को एक नई ऊंचाई पर ले जाता है. उन्होंने जो लड़ाई शुरू की है भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तो देखिये कि इतने पैसे तो कभी नहीं जब्त किए गये थे जितना कि अब किया गया है तो निश्चित ही जनता मोदी जी के ऊपर भरोसा करती है और मोदी जी भाजपा से हैं तो निश्चित तौर पर भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा. हम बहुमत से भी आगे जाएंगे. इस बार आप, देखिएगा कि शायद जेडीएस अपना वजूद भी खो दे और कांग्रेस कितना कर पाती है यह भी देखना होगा लेकिन हम लोग बहुत अच्छी स्थिति में हैं.

पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चैंकिग के दौरान अवैध हथियारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही

भिण्ड पुलिस द्वारा 24 घण्टे में वाहन चैकिंग के दौरान अवैध हथियारों (01 रिवाल्वर 2 राउण्ड 32 बोर, 12 कट्टा 13 जिन्दा राउण्ड 315 बोर) किये जप्त

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में जिला भिण्ड के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी को चैकिंग अभियान के अन्तर्गत अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही कर धरपकड़ करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। उक्त सम्बन्ध में चैकिंग के दौरान अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 30 - 31 मार्च 2023 को जिला भिण्ड के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड के विरुद्ध अभियान चलाया गया, जिसमें जिला भिण्ड के समस्त थाना प्रभारियो द्वारा अलग - अलग थानों में अभियान अन्तर्गत सघन चेकिंग की गयी जिसमे थानो द्वारा निम्न माल - मासरुका बरामद किया गया है।

जप्त मसरुका थाना असवार – 01 रिवाल्वर 02 राउण्ड (32 बोर) के साथ एक डिस्कवर मोटर सायकिल । (315बोर),थाना आलमपुर-01कट्टा 01राउण्ड

थाना मिहोना - 01कट्टा 01राउण्ड (315बोर) के साथ एक मोटरसाइकिल,थाना मौ- 01 कट्टा 01 राउण्ड (315 बोर) के साथ एक मोटर सायकिल, थाना गोहद- 02 कट्टा 02 राउण्ड (315 बोर), थाना एण्डोरी - 01कट्टा 01राउण्ड (315बोर) थाना भारोली -01कट्टा 01राउण्ड(315बोर)

थाना नयागाव - 01 कट्टा 01 राउण्ड (315 बोर),थाना उमरी - 01 कट्टा 01 राउण्ड (315 बोर) के साथ एक मोटर सायकिल, थाना बरोही - 01 कट्टा 01 राउण्ड (315 बोर),थाना देहात- 01 कट्टा 01 राउण्ड (315 बोर),थाना सुरपुरा 01कट्टा 02राउण्ड (315बोर) ।

कुल मसरुका – 01 रिवाल्वर 02 राउण्ड (32 बोर),12 कट्टा एवं 13 जिन्दा राउण्ड (315 बोर) तथा 04 मोटर सायकिल जप्त की है। उक्त सम्बन्ध में सभी आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसंगत कार्यवाही सम्बन्धित थानों पर की गयी है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी मिहोना, असवार, आलमपुर, मौ, गोहद, एण्डोरी, भारौली, नयागांव, उमरी, बरोही, देहात, सुरपुरा एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

सांसद श्रीमती राय ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष श्री लाहोटी से मिलकर क्षेत्रवासियों की मांगो को लेकर की चर्चा

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

दिल्ली/भिण्ड/दतिया । सांसद श्रीमती संध्या राय ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी से मिलकर भिण्ड - दतिया के क्षेत्रवासियों द्वारा की गई मांगो को लेकर चर्चा कर पत्र सौपा। सांसद द्वारा सौपे पत्र में जिला दतिया के लिए क्षेत्रवासियो द्वारा की गई मांगे ।

(1) माँ पीताम्बरा माई एवं रतनगढ़ वाली माता दतिया एवं देश का बहुत प्रमुख धार्मिक स्थल है जहा देश विदेश से श्रद्धालुओ का आवागमन लगा रहता है, दतिया रेलवे स्टेशन परज्यादा ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाये जैसे, प्रमुख ट्रेने-शताब्दी एक्सप्रेस (12001), गतिमान एक्सप्रेस(12049), पातालकोट (14623),समता एक्सप्रेस (12807) ,मंगला एक्सप्रेस (12618), जैसी प्रमुख एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज कराने की कृपा करें, पठानकोट एक्सप्रेस (22429) इन प्रमुख ट्रेनों को दतिया रेलवे स्टेशन पर रुकवाने का कष्ट करें।

(2) 23 एवं 24 अप्रैल 2023 माँ पीताम्बर माई का प्रकटोत्सव मनाया जाता है जिसमे भारत के कोने कोने से लाखों श्रधालुओं का आना जाना लगा रहता है कृपया इन दो दिवसों में यात्रियों की सुविधा हेतु दतिया स्टेशन से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों का स्टॉपेज देने का कष्ट करें।

(3) दतिया रेलवे स्टेशन मुख्यालय से बस

(4) ई रेलवे स्टेशन 70 द्मद्ब की दूरी पर है जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है कोरोना काल के कारण कुछ ट्रेनों का ठहराव बसई रेलवे स्टेशन से रोका गया जिसे पुनः चालू किया जाना अति महत्वपूर्ण है

(5) बसई से पिछोर मार्ग पर ओवर रेलवे ब्रिज बनाने की कृपा करें।

जिला भिंड के लिए क्षेत्रवासियो द्वारा की गई मांगे :-

(6) भिंड जिले की कुल आबादी 20 लाख है उसमे अधिकांश आबादी कृषि आधारित है आये दिन खाद संबंधी समस्या जिले में लगी रहती है ऐसे में खाद रेक पॉइंट भिंड,सोनी एवं मालनपुर स्टेशनों पर कराने की कृपा करें।

(7) वीरांगना लक्ष्मी बाई इंटरसिटी ट्रेन क्रमांक 11904-11903 का स्थायी स्टॉपेज सोना गिर रेलवे स्टेशन पर होने से इटावा भिंड ग्वालियर,दतिया,झाँसी में बहुसंख्यक जैन धर्मार्थियो को इसका लाभ रहेगा।

(8) भिंड रतलाम इंटरसिटी वर्तमान में हफ्ते में चार दिन ग्वालियर से तीन दिन भिंड से चल रही है जिससे प्रतिदिन भिंड से किया जाए साथ ही भिंड से वी.आई.पी कोटा बढाया जाए ।

(9) मेमो ट्रेन (इटावा-ग्वालियर) का प्रस्ताव इलाहाबाद जी.एम द्वारा प्रारंभ किए जाने हेतु भेजा गया है जिसे प्रारंभ करने का कष्ट कर आने जाने के चक्कर अधिक किए जाए ।

(10) भिंड जिले से आए दिन रोजगार की दृष्टि से अत्यधिक लोग अहमदाबाद और सूरत आना जाना लगा रहता है वर्तमान में ग्वालियर से अहमदाबाद ट्रेन को भिंड से प्रारंभ किया जाए तो अधिकांश व्यापारी एवं यात्रियों को लाभ मिलेगा।

(11) दिल्ली-भोपाल व्यवसायिक एवं राजनीतिक दृष्टि से लगातार भिंड जिले से आवगमन लगा रहता है जिसके लिए दिल्ली-भोपाल एवं भोपाल-दिल्ली से नवीन ट्रेनों की शुरुआत कराने का कष्ट करें ।

(12) इलाहाबाद जयपुर ट्रेन को इटावा भिंड व आगरा करने का कष्ट करें।

(13) उज्जैयानी देहरादून एक्सप्रेस 14310 को वाया इटावा भिंड ग्वालियर चालू करने का कष्ट करें ।

उक्त संबंध में यथोचित कार्यवाही हेतु पत्र सौंपा।

एक शाम रामनवमी व गौ माता के नाम जागरण

पुष्पांजलि टुडे-रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा

हैदराबाद। याचाराम ग्राम में गुट्टा के पास हनुमान मंदिर के प्रांगण में मारवाड़ी युवा मंडल याचाराम की और हनुमान मंदिर में एक शाम रामनवमी व गौ माता के नाम जागरण का आयोजन हुआ और बाहर से आने वाले भक्तो के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई थी और अपने बिच पधारे पाली जिला स्थित सिरियारी के सोनु महाराज जिन्होने ऐसे भजन सुनाए की सभी भक्त सत्संग में नाचने को मजबूर हो गए।मारवाड़ी युवा मंडल याचाराम के कार्यकर्ताओं ने बताया कि ऐसा आयोजन हमने पहली बार रखा है। बहुत ही शानदार हुआ है। और ऐसे आयोजन आगे भी करेंगे।

सीरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

पुष्पांजली टुडे

मुम्बई-सीरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल व प्रगतिशील करजाड़े नव वर्ष स्वागत समिति महाराणा प्रताप सेना करजाड़े द्वारा श्रीराम नवमी उत्सव पर श्रीराम जन्मोत्सव 221 मिट्टी के दिपक प्रज्वलित कर मनाया विभागीय अध्यक्ष कर्णा सेठ शेलार साहब सरपंच मंगेश दादा शेलार पुर्व सरपंच रामेश्वर आग्रे साहब उप सरपंच सागर आग्रे साहब करजाड़े नोड एसोसिएशन संन्थापक श्रीरग शेंडगे काका उपाध्यक्ष प्रदीप गावड़े करजाड़े व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष नाथा भाई भरवाड पुर्व ग्राम पंचायत सदस्य भरत राणे बलीराम भोईर जयंती काका वर्तमान ग्राम पंचायत सदस्य सुनील भोईर सुरज शेलार सीरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल अध्यक्ष चेनाराम हाम्बड वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर लाल गहलोत उपाध्यक्ष रमेश सोलंकी सचीव पुनाराम वरिष्ठ समाजसेवी

नगाराम समाराम बासा भानाराम बासा पिराराम बासा पुर्व अध्यक्ष तिरलोक राम नेमाराम देवाराम छोगाराम वक्ता राम बुधाराम हेमाराम महाराणा प्रताप सेना करजाड़े तेजाराम विनोद निर्मल पुनाराम अशोक रमेश रामलाल रमेश पर्वत सिंह सदस्यों व समस्त क्षत्रिय समाज बंधुओं के निस्वार्थ सेवा सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ यह कार्यक्रम सफल बनाने में महिला मंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई महिलाओं ने मिट्टी के दिपक प्रज्वलित करने में सहायक की 221 दिपक प्रज्वलित कर सुंदर तरिके से सहभागी बने समस्त समाज बंधु व पुनाराम जी की तरफ से लगभग 200+ महाप्रसाद का कार्यक्रम रखा गया जिसमें भक्तों ने लाभ उठाया और कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की समस्त करजाड़े वासी व 36 कोम राजस्थानी प्रवासी भाई बहन उपस्थित रहे यह जानकारी समाज सेवक विनोद ने दी।

रोमेश महंत में 121 दीपों से की माँ रणकौशला देवी की महाआरती

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। लहार विधानसभा में निकाली जा रही लहार विजय संकल्प पद यात्रा को ग्रामीण अंचलों में अभूतपूर्व जन मानस का आशीर्वाद मिल रहा है। गुरुवार को यह यात्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोमेश महंत के नेतृत्व में सुबह 9 बजे सिगोसा से प्रारंभ हुई।जो बागपुरा,विजपुर,ज्ञानपुरा, पड़री होते हुए ग्राम अमाहा पहुची।इस दौरान पद यात्रा जिस गाँव मे पहुची तो वहां के लोगो ने यात्रा को सर आखों पर बिठाया और यात्रा के हमराही बने।यात्रा के अंत मे रोमेश महंत ने सभी जनमानस के साथ रामनवमी के पर्व पर शाम 07 बजे 121 दीपो से माँ रणकौशला की महा आरती की।गुरुवार की इस यात्रा के साथ जनवेद कौरव,धर्मेंद्र कौरव,रविंद्र दीक्षित,बिकाश दीक्षित,रामजी दुबे,गौतम यादव,अंकुश शर्मा,प्रवीण त्रिपाठी तथा दबोह भाजपा नेताओं में शिवराज यादव,केशव विजपुरिया,लालता कुशबाह पार्षद, अरविंद विजपुरिया, राजेन्द्र यादव,रामप्रकाश पचौरी अमाहा आदि उपस्थित रहे।

पी.एल.एच.आइवी. हेतु स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कि पॉपुलेशन एवं पी. एल. एच. आईवी. समूह हेतु स्वास्थ्य केंद्र का प्रारम्भ किया गया है।यह सेवाएं संस्था के गोला का मन्दिर केंद्र पर शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दी जाएगी, उपरोक्त जानकारी संस्था के कोसाध्यच श्री भूपेंद्र सिंह तोमर जी एवं श्रीमती नीलम दीक्षित शाखा प्रबंधक द्वारा दी गई,यह परियोजना ग्लोबल पॉपुलेशन फंड के सहयोग से संचालित की जाएगी,इस अवसर पर संस्था पर विशेष अतिथि के रूप में संबंधित संप्रदाय से लोग उपस्थित हुए व कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी द्वारा संस्था की नवीन गतिविधियों एवं

योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित समुदाय से अपील की कि वे सेवाओं का लाभ उठाएं। श्री भूपेन्द्र सिंह तोमर जी द्वारा सभी को बताया गया की यह स्वास्थ्य केंद्र आज की स्वास्थ्य संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से संचालित किया गया है।हमारा प्रयास रहेगा की हम आप को उत्कृष्ठ एक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध करा पाएं। साथ ही श्री भूपेंद्र सिंह तोमर जी द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों एवं संप्रदाय का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में संबंधित संप्रदाय से जुड़े लोग रिंकू कुशवाह,बृजेश कुशवाह,सौरभ गोस्वामी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था के साथ जुड़ने का वादा किया। इस परियोजना में डॉ अमृता आर्य, डॉ ज्योति विश्वकर्मा जी भी उपस्थित थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में श्री पंकज अग्रवाल जी कि भी मुख्य भूमिका रही।

सोशल मीडिया विभाग कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी घोषित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश अनुसार एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अनुशंसा व कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी की सहमति पर भिंड जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया के द्वारा भिंड जिला सोशल मीडिया विभाग की कार्यकारिणी गठित की गई है।

जिला अध्यक्ष- शिशुपाल सिंह भदौरिया, **जिला उपाध्यक्ष-** श्रीमती रीना चौहान,बंटी लोधी,वरुण दुबेदी,संजीव टैगोर, अजय उपाध्याय,आशीष चौहान, डॉ प्रतिश विश्वास,संदीप राजावत, मनोहर गौर, अतुल सिंह,मानवेंद्र शाक्य को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है। **जिला महासचिव** – समीर खान,अनमोल राजावत,निशांत जाटव ,राहुल यादव, गौरव भारद्वाज,मोनू सेन, फरियाद पठान,मुबीन पठान, सूरज तोमर, वैभव शर्मा,दीपक बिधौलिया,जीतू खान,आरिफ पठान,मनीष यादव, रंजीत खटीक,डॉ विनोद अर्गल को पद पर नियुक्त किया गया है। **जिला सचिव–** गिर्राज राजावत, खड़क सिंह यादव, धीरज सिंह, संदीप भदोरिया, अजय राठोर, रोहित चौधरी, आकाश शाक्य, हाकिम जाटव, अनिरुद्ध पटेल,सर्वेश कुशवाहा, दीप सिंह जाटव, अनिल शाक्य,अमित शाक्य, देशराज आर्य, परमाल मौर्य, सोनू खान,हजरत खान शिवराज मौर्य, गोलू सेंगर, मोहम्मद अकरम, संजीव बघेल, शिवम दुबे, हैदर काजी, गंभीर शाक्य, दिनेश यादव, रवि यादव, प्रदीप कुशवाहा को नियुक्त किया गया है।

जनता के लिए अधिकारी नहीं बल्कि सेवक बनकर किया कार्य : एन.आर खेंगर

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। नगर परिषद दबोह में लगातार 09 वर्ष से अपने कार्य को बाखूबी निभाने बाले,स्वच्छता अभियान को एक नई दिशा देने वाले एन आर खेंगर का विदाई समारोह नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया।विदाई समारोह के दौरान विधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुबे,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विमला नरेंद्र दुधारिया,उपाध्यक्ष चौधरी हाकिम सिंह,मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप ताम्रकार मुख्य रूप से मौजूद रहे।श्री खेंगर के सेवानिवृत्त होने पर मौजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप ताम्रकार ने कहा कि मुझे कुछ ही समय पहले नगर परिषद दबोह का प्रभार मिला है लेकिन थोड़े से ही समय मे मुझे श्री खेंगर जी से बहुत कुछ सीखने को मिला जिसे में हमेशा अपने जीवन मे उतार कर कार्य करूँगा।क्योंकि श्री खेंगर जी वरिष्ठ है और उनका कार्यकाल काफी सुलझा हुआ रहा।विधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुबे ने कहा कि मैंने जब भी किसी कार्य को लेकर खेंगर जी से कहा मुझे हमेशा मदद मिली।अध्यक्ष प्रतिनिधि विमला नरेंद्र दुधारिया ने कहा कि श्री खेंगर जी का कार्यकाल बेदाग रहा।श्री खेंगर जी काफी सरल एवं सहज स्वभाव के व्यक्ति हैं।इसी क्रम में उपाध्यक्ष हाकिम सिंह ने कहा कि श्री खेंगर जी के सीएमओ प्रभार के दौरान व्यवस्थाये हमेसा चौकस रही चाहे फिर वह परिषद के काम काज की व्यवस्था हो या फिर नगर की सफाई व्यवस्था की।आगे उन्होंने कहा कि श्री खेंगर जी ने हमेसा जनता के बीच खड़े होकर तपती धूप में कार्य किया है।उसी का यह फल है कि

लगातार 9 वर्षो से वह हमारी नगर परिषद में सेवाएं दे रहे थे।विदाई समारोह के दौरान एन आर खेंगर ने नगर परिषद कार्यालय में अपनी सेवा कार्यकाल के अंतिम दिन उपस्थित लोगो का उनके सेवानिवृत्त होने पर मौजूद रहने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने कहा कि नगर दबोह की जनता ने मुझे इन 09 वर्षों में जो प्यार और स्नेह दिया है मैं उसका सदैव ऋणि रहूंगा।उन्होंने कहा कि मैंने हमेसा अधिकारी बनकर नही बल्कि जनता का सेवक बनकर नगर में काम किया है।साथ ही उन्होंने कहा कि मैं सेवा से निवृत्त हो रहा है पर आप सबके बीच से नही इसलिए जब भी नगर परिषद दबोह को मेरी जरूरत पड़े मैं नगर परिषद के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।इसी के साथ उन्होने मौजूद सभी का आभार व्यक्त किया और साथ ही नगर की जनता का भी आभार व्यक्त किया उन्होने कहा कि परिषद व स्टाफ के लोगो ने जिस तरह हर कार्य मे आगे बड़कर मेरी मदद की उसके लिए मैं परिषद व आमजन का धन्यवाद देता हूँ।यहां बता दें कि एन आर खेंगर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में 19 दिसम्बर 2014 को दबोह नगर परिषद में अपना पदभार ग्रहण किया था जिसके चलते नगर में सफाई,स्वच्छता व हितग्राहियो को मिलने वालों लाभ में काफी हद तक सुधार हुआ साथ ही उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर की वार्डो में समय समय पर चौपाल लगा कर लोगो को नगर व घर को साफ स्वच्छ रखने की अपील भी समय समय पर की।नगर परिषद व नगर की जनता के किये उनका स्वभाव बहुत ही सरल एवम स्वच्छ रहा साथ ही।वह मन के भी धनी व्यक्ति हैं।मई 2018 में कुछ समय के लिए श्री खेंगर जी को भिंड जिले की फूप नगर परिषद का भी प्रभार मिला।जिसके कुछ समय बाद पुनः उन्होंने दबोह नगर परिषद की कमान बतौर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में सम्भाली।फिलहाल तो श्री खेंगर नगर परिषद दबोह में स्वच्छता नोडल प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे जिससे शुक्रवार को वह सेवानिवृत्त हुए।उन्हें सेवानिवृत्त कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के समस्त पार्षदगण,पार्षद प्रतिनिधि,नप स्टाफ,पत्रकार बन्धु व सामाजिक लोग भी मौजूद रहे।

अटेर में चला सपा का सदस्यता अभियान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। अटेर समाजवादी पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अटेर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बी के बौहरे के नेतृत्व में लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से रामजीलाल जाटव, इंदल सिंह यादव, रामबरन यादव,ब्रजकिशोर बोहरे ,वीरेंद्र यादव ,रज्जन यादव, मनोज यादव, अजय सोनी ,अरविंद यादव, हरिमोहन यादव, रतनलाल यादव, पुनीत दीक्षित, राजेंद्र सिंह यादव ,अवधेश सिंह यादव, जल सिंह यादव, संजय पुरोहित, बलवीर सिंह यादव,शिशुपाल सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान कर रही हैं : सरोज जोशी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

सेवड़ा । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के निर्देशन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 3 साल बेमिसाल की उपलब्धियों के साथ दतिया जिले के सेवड़ा मंडल की बैठक आयोजित की गई। और महिलाओं को सरकार की महिला जन हितैषी योजना के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें सरकार की जन हितेषी योजना जैसे कि उज्ज्वला योजना स्वच्छ भारत के तहत घर-घर शौचालय योजना लाडलीी लक्ष्मी योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना विधवा पेंशन योजना जन धन योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसी सरकार की उपलब्धियों के बारे में समझाया गया वही मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सरोज जोशी का पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती सरोज जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंतोदय की विचारधारा के साथ 3 वर्ष की उपलब्धियों को अंतिम छोर तक की मातृशक्ति तक पहुंचा कर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है महिलाएं का पूर्व सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मिला। उन्होंने कहा की 25 मार्च से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरुआत हो चुकी है यह हमारे प्रदेश को महिला सशक्तिकरण के साथ मजबूती प्रदान करेंगी और उनके खाते में ड़ 1000 की राशि भी शीघ्र जून के महीने में खाते में डाल दी जाएगी हमारी सरकार महिला हितेषी सरकार है। श्रीमती जोशी ने कहां की महिलाओं के लिए जो योजना है आज हम उनकी जानकारी आपको बता रहे हैं जिससे आप उस का लाभ उठाएं आप इन योजना का लाभ आसानी से ले सकते हैं । उन्होंने योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला, योजना सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन , मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री विवाह कन्यादान योजना, का लाभ आप उठा कर लाभ ले। और महिलाओं को भी इन योजनाओं के प्रति जागृत करें। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3 वर्ष कि अपनी विशेष उपलब्धियों के साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक महिला तक पहुंचा कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। सेवड़ा मंडल की बैठक वार्ड क्रमांक 1, मैं पूजा बाथम के निवास पर संपन्न हुई । जिसमें वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद रंजना,सोनू शर्मा ,पूजा शर्मा,मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश सिंह गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थी। हितग्राही सम्मेलन में सरकार की योजनाओं से लाभ ले रही सम्मेलन में आरती बाथम,अमलेश बाथम, रानी बाथम, आरती कुशवाहा, मिथिला, रजनी बाथम, रामकली कुशवाह, मुन्नी बाथम विनीता बाथम, मरखाना बाथम, सीमा बाथम,चंदा बाथम, भूरी बाई, वैजयंती, भारती, इंदु बाथम, देवकी बाथम सुमित्रा बाथम, बेटी बाई, अनीता बाथम, जीतू बाथम, मातृशक्ति भारी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को प्रभावी बनाया।

एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत आलू के किसानों को बाजार से अधिक मूल्य दिलवाया गया

एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत नाबार्ड के सहयोग से संस्था अराइज

फाउंडेशन समिति द्वारा आलू मूल्य श्रृंखला पर मुरार विकासखंड में परियोजना संचालित की जा रही है इस परियोजना के प्रथम चरण में विकासखंड मुरार के 15 गांव के 60 किसान संस्था द्वारा आलू की विभिन्न किस्म के बीज (चिप्सोना, ज्योति, ख्याति, एल, आर, पेप्सीको) दिए गए जिसमें संस्था के साथ किसानों की सहभागिता रही इस वर्ष आलू का बाजार मूल्य 4 से ड़5 प्रति किलो रहा परंतु संस्था द्वारा किसानों को 10.80 रुपए प्रति किलो के भाव से आलू का मूल्य किसानों को दिया गया संस्था द्वारा पेप्सीको कंपनी एवं एस, बी, एग्री से पहले ही ड़10.80 रुपए प्रति किलो भाव से आलू के मूल्य का अनुबंध किया गया था। इसके कारण परियोजना में जुड़े किसानों को बाजार मूल्य से अधिक मूल्य प्राप्त हुआ एवं उन्हें नुकसान नहीं उठाना पड़ा इस परियोजना के अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज निर्माण, किसानों को उचित प्रशिक्षण देना, बीज गांव तैयार करना तथा आलू से विभिन्न उत्पाद बनाना भी है संस्था द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि भविष्य में इस परियोजना में अधिक से अधिक किसान जुड़े और परियोजना का लाभ प्राप्त करें नाबार्ड की ओर से श्री कमर जावेद जी.एम.नाबार्ड भोपाल ने आलू के किसानों से चर्चा की तथा अराइस फाउंडेशन को परियोजना के सफलता की बधाई दी।

बांग्लादेश ने टी-20 सीरीज पर कब्जा जमाया

आयरलैंड को दूसरे टी-20 में 77 रन से हराया, टी-20 इंटरनेशनल में शाकिब के सबसे ज्यादा विकेट

चटगांव। बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच तीन टी-20 मैच की सीरीज खेली जा रही है। पहले मुकाबला जीतने के बाद बांग्लादेश ने बुधवार को चटगांव में खेले गए दूसरे मुकाबले में भी आयरलैंड को हराया। टाइगर्स ने आयरलैंड को 77 रन से शिकस्त दी, साथ ही सीरीज भी जीती। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 125 रन ही बना सकी। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला चटगांव में कल यानी शुक्रवार को खेला जाएगा। सीरीज जीतने के साथ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने भी नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। शाकिब इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाडी बन गए है। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीच छोड़ अब उनके कुल विकेट 136 हो गए है। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में उन्होंने 5 विकेट लिए। मैच से पहले टॉस के 10 मिनट बाद ही चटगांव में बारिश होने लग गई। करीब 40 मिनट बाद बारिश रुकी और अंपायर ने 17 ओवर का मैच कराने का फैसला लिया। मैच करीब 100 मिनट बाद मैच स्टार्ट हुआ। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश टीम के सलामी बल्लेबाज लिटन दास और रॉनी तालुकदार ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने साथ टीम के लिए 9.2 ओवर में 13 चौको और 5 सिक्स की मदद से कुल 124 रन जोड़े। मैच में दोनों ने बांग्लादेश के लिए फास्टेस्ट टीम फिफ्टी और फास्टेस्ट टीम हंड्रेड भी स्कोर की। रॉनी के आउट होने के बाद कप्तान शाकिब अल हसन बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने 24 बॉल में 38 रन स्कोर किए ,वहीं, तौहीद ह्रिदौए ने 13 बॉल में 24 रन बनाए। बांग्लादेश ने 3 विकेट खो कर 202 रन का स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से बेन वाइट ने 2 और मार्क अडायर को 1 विकेट मिला। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। ओपनिंग करने उतरे कप्तान पॉल स्टर्लिंग पहली की बॉल पर तस्कीन अहमद का शिकार बन गए। इसके बाद टीम के विकेट गिरते ही चले गए। रॉस अडायर 6, लोर्कन टकर 5, हैरी टेक्टर 22, गेराथ डेलनि 6 और जॉर्ज डॉकरेल 2 रन बना कर पवेलियन लौटे। 6 ओवर में 43 के स्कोर पर टीम के 6 विकेट गिर गए। इसके बाद कर्टिस कैम्फर ने पारी संभालने की कोशिश की।

विधायक संजीव सिंह ने ऑल इंडिया दलित एक्शन कमेटी कें कार्यालय का फीता काटकर किया शुभारंभ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । शहर कें गल्लामंडी में आज ऑल इंडिया दलित एक्शन कमेटी का कार्यालय का उद्घाटन सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू नें किया एंव बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया सदर विधायक ने कहा कि जिस संगठन से जुड़े हैं, मेहनत से कार्य करिए सदर विधायक का प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह ठेकेदार जिला अध्यक्ष मोहन सिंह उपाध्यक्ष रणवीर यादव,आईटी सेल प्रभारी मनोज श्रीवास सभी पदाधिकारियों द्वारा विधायक एवं पत्रकार का शॉल श्रीफल देकर किया सम्मान जिला पंचायत सदस्य हरि सिंह फौजी, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह ठेकेदार के द्वारा बताया गया यह संगठन हमारे गरीब परिवार वर्ग के लोगों के लिए कार्य करता है मध्य प्रदेश के 52 जिलों में हमारे संगठन के जिला अध्यक्ष नियुक्त हो चुके हैं आज हमारे भिंड जिले में हमारे संगठन का एक कार्यालय का शुभारंभ हुआ है, बाबा साहब ने एक बात कही शिक्षित रहो संगठित रहो संघर्ष करो एसटी ओबीसी सामान्य वर्ग के लिए कहीं जवासा पंचायत सरपंच राधेश्याम यादव एवं गिरदावर जनपद सदस्य मोतीराम गर्ग, मायाराम, दिसंबर सिंह सैनी, कार्यालय मंत्री धर्मेंद्र सिंह, जनपद सदस्य रणवीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह सखवार, जिला अध्यक्ष भिंड धर्मवीर सिंह लोधी, कपिल सिंह नरवरिया,रमेश गर्ग एवं समस्त भिंड जिले की टीम मौजूद रही।

धोनी के संन्यास पर बोले रोहित-वे इतने फिट कि कुछ और साल खेल सकते हैं

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) का अगला सीजन कई भारतीय फैंस के लिए बेहद खास होने वाला है। माना जा रहा है ये पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी आईपीएल सीजन होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट्स से संन्यास ले चुके धोनी आईपीएल 2023 के बाद पेशेवर क्रिकेट को भी अलविदा कह देंगे। हाल ही में जब मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने शानदार जवाब दिया। मुंबई इंडियंस के प्री-सीजन प्रेस कान्फ्रेंस में रोहित ने कहा, धोनी इतने फिट हैं कि वह 2-3 सीजन और खेल सकते हैं। रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगे कहा, मैं पिछले 2-3 सालों से सुन रहा हूं कि महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी सीजन होगा। मुझे लगता है कि वह कुछ और सीजन खेलने के लिए फिट हैं। धोनी ने 234 ढ्ढक्क मैचों में 39.2 के औसत और 135.2 के स्ट्राइक रेट के साथ 4,978 रन बनाए हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल है। आईपीएल 2022 में, धोनी ने 14 मैचों में 232 रन बनाए लेकिन सीएसके प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी थी। धोनी ने साल 2008 में अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया था, जहां उन्हें राजस्थान रॉयल्स (क्रक्र) से हार का सामना करना पड़ा था। साल 2009 सीजन में धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स (छ्वस्य) को चैंपियन बनाया। अब तक धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स 5 बार फाइनल में पहुंचा चुकी हैं। धोनी ने चार बार टीम को चैंपियन बनाया। वह आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। ढ्ढक्क 2023 सीजन का पहला मुकाबला 31 मार्च को खेला जाएगा। पहला मैच 28 मई को मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

वर्ल्डकप... पी ओ के के मैच बांग्लादेश में होने का दावा खारिज

आई सी सी के पाकिस्तानी अधिकारी के दावे पर बी सी सी एएआई - बी सी सी बी का इनकार

अक्टूबर-नवंबर में भारत के होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मुकाबले बांग्लादेश में होने के दावे खारिज हो गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बाद क्चष्टष्ठ सूत्रों ने इन दावों को खारिज किया है। वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। दरअसल, ढ्ढष्टष्ट में पाकिस्तान के जनरल मैनेजर वसीम खान के हवाले से क्रिकेट वेबसाइज श्वस्क्करू क्रिकइंफो ने दावा किया था कि वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मुकाबले बांग्लादेश में खेले जा सकते हैं। इस दावे के बाद ढ्ढष्टष्ट और क्चष्टष्ठ के सूत्रों ने क्रिकबज और न्यूज एजेंसी क्कञ्ज से कहा है कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। वर्ल्ड कप के सारे मैच भारत में ही होंगे। जैसे एशिया कप में भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर हो सकते हैं। ठीक वैसे ही वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मुकाबले भी बांग्लादेश में खेले जा सकते हैं। पिछले हफ्ते ढ्ढष्टष्ट की एक बैठक में इस योजना पर चर्चा भी हुई है। ढ्ढष्टष्ट के एक सूत्र ने कहा- हमारी मीटिंग में ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। वहीं, क्चष्टष्ठ के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। एशिया कप के कारण पाकिस्तानी हम पर दवाब बनाने की कोशिश कर रहा है। हमने सरकार से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने का अनुरोध किया है। क्रिकेट के इस महाकुंभ का आयोजन भारत के 12 शहरों में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होगा।

हर चार साल में होने वाले इस मेगा टूर्नामेंट का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इसी बीच चर्चा चल रही है कि पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप 2023 के अपने मुकाबले भारत की जगह बांग्लादेश में खेल सकती है। पिछले हफ्ते हुए ढ्ढष्टष्ट के मीटिंग में इस बात की चर्चा हुई थी। सितंबर में इसी साल होने वाला एशिया कप पाकिस्तान में ही हो सकता है। हालांकि, भारतीय टीम के जितने भी मैच होंगे, उन्हें ,श्व, ओमान या श्रीलंका में से किसी एक जगह शिफ्ट कराया जा सकता है। एशिया कप के शुरुआती स्टेज में भारतीय टीम 2 मैच खेलेगी। एक भी मैच जीतने पर टीम सुपर-4 स्टेज में पहुंचेगी, जहां उन्हें 3 मैच खेलने होंगे। अगर टीम इंडिया फाइनल में भी पहुंची तो टीम टूर्नामेंट में कुल 6 मुकाबले खेलेगी। भारत के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में उस मुकाबले को भी न्यूट्रल वेन्यू पर ही शिफ्ट किया जाएगा।टूर्नामेंट 46 दिनों तक चलेगा और तीन नॉकआउट सहित 48 मैच खेले जाएंगे। इस बार वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी।

महावीर जयंती का अवकाश अब 3 अप्रैल को

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राज्य शासन द्वारा समसंख्यक अधिसूचना 19 दिसम्बर 2022 में आंशिक संशोधन करते हुए महावीर जयंती के उपलक्ष्य में संपूर्ण मध्यप्रदेश में सोमवार 3 अप्रैल 2023 को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। पूर्व में यह अवकाश 4 अप्रैल 2023 को घोषित किया गया था जो निरस्त कर दिया गया है।

पहली बार 13 भाषाओं में आई पी एल की कमेंट्री

भोजपुरी, पंजाबी और उड़िया भाषाएं होंगी शामिल; फिंच, स्मिथ और मिताली राज करेंगे डेब्यू

इस बार ढ्ढक्क में पहली बार कमेंट्री पंजाबी, उड़िया और भोजपुरी भाषा में भी होगी। यानी अब ढ्ढक्क पर हिंदी, इंग्लिश समेत 13 भाषाओं में कमेंट्री होंगी। वहीं स्टार स्पोर्ट्स पर हिंदी, इंग्लिश सहित 9 लैंग्वेज में कमेंट्री होगी। जबकि जियो सिनेमा पर 13 लैंग्वेज में प्रसारित होगा। स्टार टीवी और जियो सिनेमा पर इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, मलयालम भाषाओं में कमेंट्री होगी। इसके अलावा जियो पर पंजाबी, उड़िया और भोजपुरी में क्रिकेट की लाइव कमेंट्री होगी। ढ्ढक्क का 16वां सीजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। पहला मैच गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शाम 7.30 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। ढ्ढक्क में इतनी भाषाओं में कमेंट्री के लिए जियो और स्टार स्पोर्ट्स पर कई दिग्गज क्रिकेटर्स डेब्यू करेंगे। इनमें मुरली विजय, एस श्रीसंत, यूसुफ पठान, मिताली राज और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ शामिल हैं। स्टार ने अंग्रेजी के पैनल में सुनील गावस्कर, जैक कैलिस, केविन पीटरसन, मैथ्यू हेडन, आरोन फिंच, टॉम मूडी, पॉल

कॉलिंगवुड, डेनियल विटोरी, डैनी मॉरिसन, स्टीव स्मिथ और डेविड हसी को शामिल किया है। आरोन फिंच और स्टीव स्मिथ पहली बार ढ्ढक्क में स्टार की ओर से बैट की जगह माइक थामे नजर आएंगे। ढ्ढक्क में सबसे ज्यादा छक्के जड़ चुके क्रिस गेल जियो सिनेमा के इंग्लिश कमेंट्री पैनल में शामिल हैं। उनके अलावा ढ्ढक्क में अपना जलवा बिखेर चुके एबी डिविलयर्स, इयोन मोर्गन, ब्रेट ली को भी इंग्लिश कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। साथ ही ग्रीम स्वान, ग्रीम स्मिथ, स्कॉट स्टायरिश, संजना गणेशन, सुप्रिया सिंह, सुहेल चंडोक को भी पैनल में शामिल किया गया है। हिंदी के कमेंट्री पैनल में वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान, यूसुफ पठान, मिताली राज, मोहम्मद कैफ, संजय मांजरेकर, इमरान ताहिर, दीप दास गुप्ता, अजय मेहरा, पद्मजीत सेहरावत, जतिन सप्रू को शामिल किया है। तो वहीं जियो सिनेमा ने आकाश चोपड़ा, पार्थिव पटेल, ओवेश शाह, जहीर खान, सुरेश रैना, अनिल कुंबले, आरपी सिंह, प्रज्ञान ओझा, निखिल चोपड़ा, सबा करीम, अनंत त्यागी, रिद्धिमा पाठक, सुरभी वैद्य, ग्लेन सल्दान्हा को शामिल किया है। केदार जाधव, धवल कुलकर्णी, किरण मोरे मराठी में अपने अनुभव जियो सिनेमा पर शेयर करते नजर आएंगे। वहीं झूलन गोस्वामी, लक्ष्मी रत्न शुक्ला बंगाली में ढ्ढक्ककी कमेंट्री करेंगे। जबकि वेंकटेश प्रसाद कन्नड़ और सरनदीप सिंह, अतुल वासन पंजाबी में जियो सिनेमा के पर कमेंट्री करेंगे। स्टार पर मराठी में अमोल मजूमदार और गुजराती में नयन मोंगिया कमेंट्री का जिम्मा संभालेंगे। 59 दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। हर एक टीम 14 मैच खेलेगी, 7 अपने घर में और 7 विपक्षी टीम के घर में। 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मुकाबले होंगे। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट में 18 डबल हेडर होंगे, यानी 18 बार एक दिन में 2 मैच होंगे।

काजल अग्रवाल ने हिंदी सिनेमा में बताई एथिक्स और वैल्यू की कमी

काजल अग्रवाल ने हिंदी, तेलुगू और तमिल फिल्म इंडस्ट्री में अपनी दमदार एक्टिंग से खास पहचान बना ली है. एक्ट्रेस ने फिल्म 'क्यों! हो गया ना ज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होने कुछ और हिंदी फिल्मों के साथ कई तेलुगू और तमिल फिल्में कीं. हाल ही में काजल ने एक इंटरव्यू के दौरान हिंदी इंडस्ट्री और साउथ इंडस्ट्री के बीच अंतर के बारे में बात की. न्यूज 18 के एक शो में काजल से पूछा गया था कि जब उन्होंने फिर से काम करना शुरू करने का फैसला किया तो उन्होंने किस दिशा में देखा. इस पर एक्ट्रेस ने कहा, मैं बॉम्बे गर्ल हूं यहीं पैदा हुई और पली-बढ़ी. मैंने हैदराबाद (तेलुगू) फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया और मेरे काम की मेन बॉडी तमिल और तेलुगू फिल्में हैं. मैंने कुछ हिंदी फिल्में की हैं लेकिन मेरे लिए घर जैसा अहसास हैदराबाद और चेन्नई है और यह कभी नहीं जाएगा. एक्ट्रेस से ये भी पूछा गया कि क्या साउथ इंडस्ट्री ज्यादा एक्सेप्ट कर रहा है. इस पर काजल ने जवाब दिया, ÷साउथ इंडस्ट्री यकीनन बहुत स्वीकार कर रहा है लेकिन मुझे लगता है कि कोई छूट नहीं है या कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है और सफलता का कोई आसान तरीका नहीं है.÷ काजल ने यह भी बताया कि क्या टर्म्स ऑफ अप्रोच के मामले में दोनों इंडस्ट्री में कोई अंतर है. इस पर उन्होंने कहा, ऐसे बहुत से लोग हैं जो हिंदी में अपना करियर शुरू करना चाहते हैं क्योंकि ये ज्यादा नेशनवाइड मान्यता प्राप्त भाषा है. काजल ने आगे कहा, हां साउथ बहुत फ्रेंडली इंडस्ट्री है, यह बहुत स्वीकार्य है. साउथ में शानदार टेकनीशियन हैं अमेजिंग डायरेक्टर और फिनोमल कंटेंट है जो सभी चार भाषाओं तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में जनरेट होता है. काजल ने आगे ये भी कहा, और निश्चित रूप से, हिंदी हमारी मातृभाषा रही है. हम हिंदी फिल्में देखते हुए बड़े हुए हैं. यह स्वीकार करता रहा है और मुझ पर बहुत मेहरबान भी रहा है. लेकिन मैं ईको-सिस्टम, एथिक्स, वैल्यू, साउथ इंडस्ट्री के अनुशासन को पसंद करती हूं जो मुझे लगता है कि हिंदी सिनेमा में कमी है.

प्रियंका चोपड़ा से पहले ये दिग्गज थी अवॉर्ड विनिंग मूवी फैशन के लिए फर्स्ट च्वाइस

मधुर भंडारकर के द्वारा डायरेक्ट साल 2008 में आई फिल्म फैशन में प्रियंका चोपड़ा ने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से दर्शकों के साथ क्रिटिक्स को भी अपना कायल कर लिया था. फैशन में शानदार काम के लिए प्रियंका चोपड़ा को फिल्मफेयर समेत नेशनल फिल्म अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया था. हालांकि ये बात काफी कम फैंस को पता होगी कि फैशन के लिए प्रियंका चोपड़ा डायरेक्टर की पहली पसंद नहीं थी. आइए जानते हैं कि ओटीटी पर मौजूद इस फिल्म के लिए कौन सी अदाकारा फर्स्ट च्वाइस थी. जीक्यू इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जब मधुर भंडारकर ने फैशन बनाने पर काम शुरू किया तो वो प्रियंका चोपड़ा से पहले करीना कपूर के पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर गए. हालांकि करीना ने इस फिल्म में काम करने से इनकार कर दिया. इसी के बाद ये अवार्ड विनिंग फिल्म प्रियंका चोपड़ा के खाते में आ गई. आपको बता दें कि फैशन बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी. इसके साथ मूवी को क्रिटिक्स ने भी काफी पसंद किया था. फिल्म ने फैशज वर्ल्ड के पीछे की सच्चाई बताने की जबरदस्त कोशिश की है कि इस चमक धमक से भरी दुनिया में हिट होने की कीमत तक वसूली जाती है.

जेठालाल की क्रश को टॉर्चर करेंगी कंगना रनोट!

लॉक अप 2 में एंट्री पर मुनमुन दत्ता ने तोड़ी चुप्पी

कंगना रनोट अपने कॉन्ट्रोवर्शियल शो लॉक अप 2 को लेकर चर्चा में छाई हुई हैं। सीजन वन की अपार सफलता के बाद अब एकता कपूर अपने शो की दूसरी किस्त भी लेकर आ रही हैं। इस बार भी इसे कंगना ही होस्ट करने वाली हैं और लगभग सारे ही कंटेस्टेंट्स के नामों पर मुहर लग चुकी है। इस लिस्ट में जो ताजा नाम सामने आया है, वो सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सबसे पॉपुलर कैरेक्टर का है। जेठालाल का दिल यानी बबीता जी को एकता कपूर के इस अत्याचारी खेल का निमंत्रण मिला। दर्शक चौंक गए कि आखिर मुनमुन दत्ता के शो छोड़ने के बाद जेठालाल का क्या होगा। वो किसे देखकर अपने दिन-रात गुजारेंगे। क्योंकि उनकी पत्नी दयाबेन तो पहले ही शो से काफी सालों से लापता है। रिपोर्ट्स आईं कि मुनमुन, कंगना के इस खौफनाक खेल में ग्रिल होती दिखाई देने वाली हैं। पर असित मोदी का खौफ इस कदर एक्टर्स के दिलों में छाया है कि पूछिए मत...। मुनमुन दत्ता ने खुद ही जेठाजी को ये कहते हुए राहत दे दी है कि वो अभी कही नहीं जा रही है। मुनमुन ने कंगना के लॉक अप 2 में एंट्री करने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका कोई मूड नहीं तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ने का और वो फिलहाल किसी भी रियलिटी शो में नहीं जा रही हैं। इस तरह से एक और टीवी एक्ट्रेस ने एकता कपूर के शो को ठुकरा दिया है।





मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है! पंख से कुछ नहीं होता, हौंसलों से ही उड़ान होती है!

केशब पंडित जी अम्बाह

मुरैना। एसपी आशुतोष बागरी ने अपने अनोखे अंदाज से जीता अम्बाह मुरैना के लोगो का दिल ब्यापारी बर्ग व ग्रामीणो ने अम्बाह शहर जगह जगह स्वागत कर फूलो की बर्षा कर जैन धर्म शाला में पूरी टीम को सम्मानित किया आमतौर पर अक्सर ऐसा देखा जाता है कि देश की जनता पुलिस (क्क्रद्यद्बष्द्) के नाम से भी डरती है और उनका यही डर उनके मन में पुलिस के खिलाफ खौफ पैदा करते हैं। लेकिन आज हम आपको मध्य प्रदेश के एक ऐसे आईपीएस के बारें में बताने जा रहे हैं जिसे लोगों का भरपुर प्यार मिलता है। यहां तक आम जनता गुड मॉर्निंग से लेकर उनका हालचाल भी पूछती है। चलिए जानते हैं सबके दिलों को जीतने वाले इस पुलिस अधिकारी के बारें में

कौन है वह पुलिस अधिकारी-हम बात कर रहे हैं मुरैना आईपीएस आशुतोष बागरी जी की, जो कि मुरैना पुलिस कप्तान के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में चम्बल में अब्बल मुरैना पुलिस अधीक्षक पोस्टेड हैं। उन्होंने अपने कार्यो से समाज में ऐसी छवि बनाने में सफलता हासिल की है जिससे वे लोगों के चहेते बन गए हैं आज अम्बाह का ब्यापारी बर्ग इतना खुश है कि पुलिस प्रसासन जिन्दाबाद के नारो से अम्बाह में गूज मची हुई है। अम्बाह व्यापारी संतोष वर्मा पर गोली चलाने वाले अपराधियों को पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक पकड़े जाने के बाद आज पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी सहित स्थानीय अंबाह की पुलिस टीम का व्यापार मंडल अंबाह द्वारा जैन धर्मशाला में स्वागत

एवं सम्मान किया गया इस अवसर पर व्यापारियों की तरफ से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने पुलिस के प्रति आभार जताया वहीं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि मुरैना जिले की पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है इसी क्रम में हमने व्यापारी संतोष वर्मा की दुकान पर फायरिंग करने वाले लोगों को अपने सहयोगियों की मदद से दबोचा है उन्होंने सभी व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा आम जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है

सामान्यत: खाकी वर्दी को देखते ही लोग दूर भागने लगते हैं- लेकिन आशुतोष बागरी के साथ ऐसा नहीं है। मुरैना की जनता से बातचीत के दौरान ऐसा नहीं होने के पीछे की वजह के बारें में बताया कि वे छोटे-बड़े, बुजुर्ग, अमीर-गरीब सभी को सम्मान देते हैं और बदले में उन्हें भी सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिया जाने वाला प्यार और सम्मान उन्हें एंर्जेटिक महसूस कराता है।

क्राइम व ट्राफिक शान्ति प्रिय चुनाव के प्रति समर्पित हैं आईपीएस आशुतोष बागरी-पुलिस अधिक्षक आशुतोष बागरी अपने कर्तव्य के प्रति काफी समर्पित हैं उन्हौने नगरी निकाय व पंचायत चुनाव में डीजीपी मध्य प्रदेश से प्रशंसा पत्र पाकर चम्बल में शान्ति प्रिय चुनाव कराने में दक्षता हासिल ही नही रिकॉर्ड तोडा है और ड्यूटी के प्रति उनकी यही ईमानदारी और समर्पण भाव उन्हें आम जनता से सम्मान दिला रहा है। मतदान के दौरान मतदाताओ से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मुरैना में रूऊर बरबाई मिढेला रतन बसई ऐसे गॉव में है जहॉ चुनाव के दौरान गोली बरसती नजर आती है और मतपेटियो को नुकसान किया जाता है इनके इस कार्य काल में जू तक नही रेगी गुण्डे मबाली माफिया पुलिसिया कारबाही से जिला ही छोडकर भाग गये बिल्कुल निष्प्रिय चुनाव हुआ उन्हौने कहा हमारी यही कोशिश हैं और आगे भी करते रहेगे उन्हौने कहा हम अच्छा काम करें और जनता के हित में काम करें।

बिरला ग्रुप इकाई में कंपनी विक्रम बुलन में एक मजदूर की गिरने से मौत

पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर

मालनपुर उद्योग इकाई बिरला ग्रुप विक्रम बुलन में कंपनी के दिनेश यादव उम्र 45 साल की कैंटीन से खाना खाने के बाद बाहर निकला बाहर गिरने से मौत मालनपुर उद्योग क्षेत्र में संचालित कपड़ों का धागा बनाने वाली बिरला ग्रुप की विक्रम वूलन कंपनी में आज दोपहर ए पाली में काम करने वाले कंपनी मजदूर की मौत दोपहर लंच के समय खाना खाया और पानी पीकर कैंटीन से निकला था अचानक गिर जाने से सिर में चोट लगने से मौत होना बताया गया है प्रबंधक को जैसे ही पता चला आनन-फानन में उसे ग्वालियर बिरला हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया बगैर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज किए ग्वालियर पोस्ट माटम हाउस ले गए तो मृतक दिनेश यादव के शव को पी एम हाउस से बैरिंग लौटा दिया कहा कि पुलिस थाने की रिपोर्ट मैं लगाई जाएगी ग्वालियर से एंबुलेंस मालनपुर पुलिस थाने में 4 बजे के लगभग सब लेकर फैक्ट्री के कर्मचारियों के साथ रिपोर्ट लिखी गई तब कहीं जाकर गोहद अस्पताल में पी एम हाउस के लिए भेजा गया कंपनी के संतोष पांडे ने कहा कहना है कि मैं फैक्टरी में था मुझे अचानक चिल्लाने की आवाज आई तो कैंटीन के पास दिनेश जमीन पर पड़ा था उसके सिर में माथे में गहरी चोट लगी थी उसके सिर से खून बह रहा था तत्काल कंपनी की एंबुलेंस से ग्वालियर उपचार हेतु भेजा गया दिनेश सिंह यादव फैक्ट्री परिसर में 25 वर्ष से कंपनी की तरफ से काम करने वाले कर्मचारी की मृत्यु एक जांच का विषय है मृतक के भाई अपलेश सिंह यादव ने पत्रकार को अपनी जुबान से बयान करते हुए कहा है कि दिनेश सिंह यादव 45 वर्ष मेरा भाई था मैं भी मालनपुर फैक्ट्री जमना ऑटो में काम करता हूं मुझे घर से फोन आया तो कंपनी का काम छोड़कर मैं भाई के पास पहुंचा तो भाई की मृत्यु हो चुकी थी मृतक दिनेश सिंह यादव पुत्र बलवान सिंह यादव निवासी त्यागी नगर मुरार ग्वालियर के रहने वाले थे उनकी पत्नी भावना के दो पुत्री बड़ी है इसमें तननो यादव 14 वर्ष एवं दूसरी पुत्री रागनी यादव 10 वर्ष एक बच्चा छोटा है जो अभी 1 वर्ष का भी नहीं है मेरा कहना है कि कंपनी से उनकी बच्चियों की शादी और पत्नी की भरण पोषण हेतु ज्यादा से ज्यादा अनुदान दिया जाए

इनका कहना है

मैं कुछ नहीं कह सकता हमारे कंपनी के डायरेक्टर के निर्णय लेने बाद मृतक की सहायता के लिए

शरद हरकत
विक्रम वुलन मालनपुर प्रबंधक

राम नवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू ऱ्कर्नाटका उत्तर भारतीय विकास सेवा संघ एवं सर्वजन एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में लालबाग रोड स्थित तेलुगू चेट्टियार कल्याण मंडप में आयोजित मां भगवती दुर्गा जागरण समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने माता रानी को चुनरी चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया नन्हे बालक भगवान श्री राम सीता एवं हनुमान की वेशभूषा मैं आकर्षण का केंद्र थे प्रयागराज से आए हुए प्रसिद्ध भजन कलाकार तिवारी बंधुओं ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जिससे माहौल भक्तिमय हो गया मंच के अध्यक्ष राकेश शुक्ला ने महेंद्र मुणोत सम्मानित किया ।

कोथेरिया क्रिकेट क्लब खौड के प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट में 12 टीमों ने लिया भाग

देवासी समाज के टूर्नामेंट में बालराई टीम विजेता खौड उपविजेता रही

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान

रानी पाली। कोथेरिया क्रिकेट क्लब खौड के तत्वाधान में प्रथम देवासी समाज खौड के क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह का आयोजन पादरली तुरकान स्थित कोथेरिया माताजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच पेमाराम देवासी नेतरा, भोपाजी भुराराम खौड, भोपाजी वीराराम खौड रहे। वही टूर्नामेंट के फाइनल मैच मे बालराई विजेता तथा खौड ए टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में अतिथियों का माला व साफा द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व वार्ड पंच हमीराराम देवासी खौड ने बताया कि टूर्नामेंट में देवासी समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर छैलसिह पादरली, हकीम खान पादरली, हमीराराम रोणवा, दानाराम टेवाली, सवाराम खौड, रुपाराम खौड, नगाराम, शिक्षक मगालाराम, हमीराराम आल, शंकर, महेंद्र, तुलसाराम, राणाराम, कालूराम खौड, कालुराम देवासी गुंदोज, शंकर इजाना, प्रेम इजाना, निर्मल लुणावा, कोटवाल कालूराम, शिवलाल चांगवा सुमित बड़ी संख्या में देवासी समाज के युवा उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिला कोषालय का किया निरीक्षण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिला कोषालय पहुंचकर डबल लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी एचएन मिश्रा को डबल लॉक में सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसी के साथ जिला पेंशन कार्यालय में चल रहे रिनोवेशन कार्य का भी अवलोकन किया और उन्होंने गुणवत्तायुक्त कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी जी के बाथम एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

2 अप्रैल को लांजी शहर में गूंजेगा जय राजा भोज का नारा

राजा भोज क्षत्रिय पंवार समाज का भव्य महासम्मेलन, लांजी स्टेडियम में होगा आयोजित

रितेश कटरे ब्युरो चीफ
पुष्पांजली टुडे बालाघाट

लांजी नगर के हाईस्कूल ग्राउंड मिनी स्टेडियम में 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले पंवार समाज संगठन के महासम्मेलन को लेकर नगर में तैयारियां जोरों से चल रही है।एसा पहली बार हो रहा है कि पंवार समाज के द्वारा तहसील स्तर पर लांजी में भव्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन और रूपरेखा को लेकर पंवार समाज की आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि 2 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे वृहद कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कि स्टेडियम से प्रारंभ होकर गुजरी चौक, मां लंजकाई मंदिर नगर से होते हुए नगर के हृदय स्थल पर सुभाष चौक होते हुए पुनः स्टेडियम पंहुचेगी। कलश यात्रा भ्रमण पश्चात दोपहर 12 बजे के पश्चात पंवार समाज की कुलदेवी मां गढ़कालिका देवी की महाआरती की जाएगी। एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा पंवार समाज के गौरवशाली इतिहास का वर्णन

किया जाएगा। समाज के गौरवशाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। वहीं अंतिम पड़ाव में आमंत्रित सभी अतिथियों एवं पंवार समाज के महानुभावों के लिए भोजन की व्यवस्था है जिसमें पंवार का प्रचलित भोजन दाल बड़ा की सब्जी खिलाई जाएगी। उक्त महासम्मेलन में पंवार समाज के सभी लोगों को बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की अपिल पंवार समाज संगठन के द्वारा की गई है।

कार्यक्रम में यह रहेंगे मुख्य अतिथि-पंवार समाज के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथी गौरीशंकर बिसेन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष एवं विधायक बालाघाट, इंजि. मुरलीधर टेंभरे अध्यक्ष राष्ट्रिय पंवार क्षत्रिय महासभा नागपुर, डा ढालसींह बिसेन सांसद बालाघाट सिवनी, टामलाल साहारे विधायक कटंगी, डॉ. बी . एम . शरणागत पूर्व राष्टिय अध्यक्ष महासभा, विश्वेश्वर भगत पुर्व सांसद, के. डी. देशमुख पूर्व सांसद, विजय रहांगडाले विधायक तिरोडा महाराष्ट्र, पंकज रहांगडाले जिल्हाध्यक्ष गोंदिया, मधु भगत पूर्व विधायक परसवाड़ा, डॉ. बी . आर . टेभरे बालाघाट, गौरीशंकर टेंभरे, श्रीमती रेखा बिसेन पूर्व जिल्हाध्यक्ष बालाघाट, श्रीमती पुष्पा बिसेन पूर्व जिल्हाध्यक्ष कॉग्रेश कमेटी बालाघाट, श्रीमती मौसम हरिणखेडे समाज सेविका, विक्की पटेल पूर्व न.पा. अध्यक्ष वारासिवनी, गौरवसिंह पारधी समाज सेवक, भुवनभाऊ रहांगडाले उपाध्यक्ष ज.प. किरणापुर, ओमकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष कॉग्रेस कमेटी लांजी की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

जय माँ भवानी शीतला मंदिर लोहारा में नवरात्र पर हुए विभिन्न आयोजन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को आरम्भ हुए नवरात्र पर्व एवं राम नवमी के दिन जय माँ भवानी शीतला मंदिर लोहारा में कलश विसर्जन बढ़े धूमधाम के साथ किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम लोहारा के माँ भवानी शीतला मंदिर में 22 मार्च को विधिवत घट स्थापना के साथ प्रतिदिन पूजन अर्चन कर माँ की आराधना जाती थी। पंचमी की तीथी में माँ शीतला मंदिर में खड्ग भेंट की गयी। नवरात्र में माता रानी के जस गीतों का सिलसिला निरंतर बना रहा। अष्ठमी को माता रानी को भोग लगाकर सार्वजानिक भंडारे का आयोजन भी किया गया। नवमी की तीथी में कलश विसर्जन हेतु सभी श्रद्धालु भक्तगन ग्राम लोहारा के जलाशय पहुचे जंहा कलश विसर्जित किये गए। इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्राम लोहारा के रूपलाल मसराम, पप्पू कुंडले, लालचंद सोरकुरे, बाबूलाल मसराम, गणेश मसराम, रूपेश मसराम, शालिक नगपुरे, शिवराम मक्षिरके तथा सभी माता के भक्तो ने श्रद्धा भाव से 9 दिन माता की आराधना की, उक्त आयोजन में सभी धर्मावलंबियों एवं ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

कांग्रेस चलाएगी जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम चलाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी ने कहा कि वर्तमान सरकार देश में तानाशाही चला रही है,उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी, श्री कुरैशी ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को वेवजह ईडी नोटिस दिया था जिसके विरोध में नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन किया था उनके आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जबाब मांगा है, उन्होंने कहा कि डॉ गोविंद सिंह हमेशा अपनी संपत्ति का ब्यौरा देते रहे हैं । जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर केंद्र सरकार ने बता दिया है कि वह अब पूर्णतः अहंकार में डूब चुकी है, श्री कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस नेता ने किसी का कभी अपमान नहीं किया है।राहुल गांधी भृष्टाचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, और उनके साथ पूरी कांग्रेस एवं आमजनता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा , शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा नें संयुक्त रुप से जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के संबंध में पत्रकार वार्ता कर कार्यक्रम के बिषय में जानकारी दी।

ग्राम उटीला में भव्य शोभा यात्रा निकालकर मनाया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव

रामनवमी के उपलक्ष्य में ग्राम उटीला में भव्य रैली निकालकर बडे ही हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ग्रामीणों के साथ आस-पास के गांवों के लोगों ने भी रैली में हिस्सा लिया रैली के दौरान उटीला थाना प्रभारी श्री अवधेश सिंह कुशवाह के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा रैली का समापन संकटमोचन हनुमान मंदिर उटीला पर किया गया अंत में श्री हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया!

कांग्रेस के 32 साल के कुशासन को खत्म करेगी भाजपा: रोमेश महंत

01 महीने में 240 गाँव 96 पंचायतों में पहुंचेगी भाजपा की लहार विजय संकल्प पद यात्रा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोमेश महंत ने लहार विजय संकल्प यात्रा के दौरान दबोह के स्थानीय विश्राम गृह पर पत्रकार वार्ता आयोजित की। जिसमे उन्होंने लहार क्षेत्र में 32 साल से जमी कॉग्रेस की सरकार को खत्म करने की बात कही साथ ही उन्होंने विकास यात्रा के दौरान मिल रहे भारी जनसमर्थन की बात कही।दरअसल भाजपा नेता रोमेश महंत प्रदेश में कार्यसमिति सदस्य है और वह लहार विजय संकल्प पद यात्रा निकाल रहे हैं।महंत की इस पदयात्रा का शंखनाद 25 मार्च 2023 को सुबह 11 बजे आलमपुर स्तिथ देवी अहिल्याबाई की छतरी से हुआ।जहां पर यात्रा प्रारंभ करते हुए आलमपुर के वार्डो से होते हुए गाँवो मे जा पहुंची।यात्रा का विश्राम आलमपुर में हुआ।रोमेश महंत ने बताया कि उनकी यह पदयात्रा एक दिन में 20 किमी पैदल चलकर रोजाना 5 से 7 गाँव की पदयात्रा करती है।उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा का 1 माह में 240 गाँव 96 पंचायतों में जाना तय है।जिसका समापन 25 अप्रैल को मिहोना के बालाजी मंदिर पर किया जाएगा।उन्होंने कॉग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लहार विजय संकल्प यात्रा का मकसद 32 साल से जमी लहार में कॉग्रेस का

कुशासन खत्म करना है।उन्होंने कहा कि लहार क्षेत्र की जनता लगातार 32 साल से कॉग्रेस के कुसाशन से परेशान है और अब इस आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा लहार से कॉग्रेस को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के टिकिट को लेकर कहा कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूँ और पार्टी जो भी निर्णय लेगी मैं उसका सम्मान करूँगा,उन्होंने कहा कि टिकिट किसे मिलता है किसे नही यह अभी कन्फर्म नही है परंतु लहार से जिताना भाजपा को है यह इस लहार विकास संकल्प यात्रा का उद्देश्य है।वहीं उन्होंने भाजपा की गुटबाजी को लेकर कहा कि लहार भाजपा में कोई गुटबाजी नही है यह सब कॉग्रेस का फैलाया भ्रम है।लहार विजय संकल्प यात्रा के दौरान रोमेश महंत गाँव गाँव,घर-घर जाकर आमजनता को मोदी जी और शिवराज सिंह जी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।साथ ही मप्र सरकार की लाड़ली बहना योजना के लिए गाँव मे महिलाओ के फार्म कैसे भरे जायेंगे,किस तरह माता-बहिनो को योजना का लाभ मिलेगा आदि भी लोगो को बताने का कार्य कर रहे हैं।साथ ही गाँव की समस्या व गाँव के लोगो की समस्या को भी वह जान रहे हैं और कुछ समस्याओ का निराकरण भी मौके पर तत्काल करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लहार विजय संकल्प यात्रा के दौरान नए लोगो को भाजपा से जोड़ना यात्रा का मकसद है हालांकि अभी 7 दिवस हुए है जिस दौरान भी काफी कॉग्रेस के लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है फिलहाल तो जैसे जैसे यह यात्रा आगे बड़ेगी लोग जुड़ते रहेंगे।उन्होंने कहा कि मेरे सम्पर्क में कॉग्रेस के कुछ ऐसे लोग और भी है जो भाजपा की सदस्यता लेना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान उन्होंने आलमपुर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथ ही यात्रा के दौरान जहां भी महापुरुषों व शहीदो की प्रतिमाएं मिल रही है उन्हें माल्यार्पण कर नमन कर रहा हूं।इसी के साथ उन्होंने पदयात्रा में दिन रात मेहनत कर साथ चल रहे कार्यकर्ताओ का भी आभार व्यक्त किया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478